




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 359 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 28 सितम्बर 2024 डाक 29 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड में परिवर्तन सभा के दौरान लोगों से आशीर्वाद मांगते हुए...



**देश-विदेश**

किसी ने जाने से नहीं रोका, जगन रेड्डी के तिरुपति मंदिर दौरा रद्द करने पर बोले चंद्रबाबू नायडू



**फीचर पेज**

देवरा की ताबड़तोड़ हो रही एडवांस बुकिंग, 2.5 मिलियन डॉलर से पार पहुंची टिकट की सेल




## पत्रकार के घर एनआईए का छापा



**कांकेर, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बार फिर छापेमार कार्रवाई की है। टीम ने इस बार कोई नेता या अफसर नहीं, बल्कि एक पत्रकार के घर दबिश दी है। बड़ी संख्या में अधिकारी मौके पर पूछताछ कर रहे हैं और जानकारी ले रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा इलाके में स्थित एक पत्रकार के घर छापेमार कार्रवाई की है।

इसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति के घर भी दबिश दी है। छापा मारने के लिए स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया गया है। जिले के एसपी आई के एलिसेला ने इसकी जानकारी दी है। इसी महीने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने नारायणपुर में भी छापेमार कार्रवाई की थी। 2023 में हुई एक नक्सली घटना की की गई इस कार्रवाई में एनआईए ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। वहीं छापेमारी के दौरान 35 नक्सलियों के नाम भी सामने आए थे।

# अमेरिका में हेलेन ने ली 44 लोगों की जान दक्षिणपूर्व के इलाकों में मचाई भारी तबाही

**वाशिंगटन, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



चक्रवाती तूफान हेलेन अमेरिका में भारी तबाही मचा रहा है। इस तूफान के चलते अमेरिका के दक्षिण पूर्व के इलाकों में भारी तबाही मची हुई है और तूफान के चलते विभिन्न घटनाओं में अब तक 44 लोगों की मौत हो चुकी है। तूफान के चलते कई घर तबाह हो गए हैं और बाढ़ के हालात हैं। राहत और बचाव कार्य जारी हैं। मरने वाले लोगों में बचाव दल के तीन कर्मचारी, एक महिला और उसके जुड़वां बच्चे शामिल हैं। फ्लोरिडा, जॉर्जिया, नॉर्थ कैरोलिना, साउथ कैरोलिना और वर्जीनिया में लोगों की जान गई है।

कैटगरी-4 के इस चक्रवाती तूफान हेलेन के चलते कई अस्पतालों में बिजली गुल हो गई है। तूफान के चलते 225 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं। विशेषज्ञों का कहना है कि तूफान के चलते 15-26 अरब डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान है। टेनेसी के उत्तरी इलाकों में सैंकड़ों मील तक मलबा फैला हुआ है। तूफान प्रभावित इलाकों से लोगों को लगातार सुरक्षित बचाया जा रहा है। चक्रवाती तूफान हेलेन के असर से अटलांटा में बीते 48 घंटे में 28.24 सेंटीमीटर बारिश हुई है, इससे पहले दो दिन में इतनी बारिश 1878 में हुई थी। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह तूफान पीड़ितों की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। संघीय आपातकाल प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख तूफान प्रभावित इलाकों के दौरे पर हैं। एजेंसी ने बचाव दल में 1500 कर्मचारियों को तैनात किया है। फ्लोरिडा, जॉर्जिया और कैरोलिना में तूफान के चलते करीब 30 लाख घरों से बिजली गुल है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि चक्रवाती तूफान हेलेन के चलते हो रही भारी बारिश से नॉर्थ कैरोलिना में बाढ़ के हालात बेहद खराब हो सकते हैं। कई सड़कें या तो भारी बारिश और बाढ़ के चलते तबाह हो चुकी हैं या फिर जलमग्न हैं।

## सोनीपत की पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाका एक की मौत, कई घायल



**सोनीपत, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

सोनीपत की गांव रिढाऊ में चल रही एक पटाखा फैक्ट्री में शनिवार सुबह आग लग गई। इस हादसे में कई कर्मचारियों के हताहत होने की खबर है। जबकि एक की मौत हो चुकी है और कई घायल हैं। एक एंबुलेंस में पांच लोग पीजीआई रोहतक भेजे गए हैं। मौके पर आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियां पहुंची हैं।

पटाखे बनाने की यह फैक्ट्री अवैध रूप से चल रही थी। सुबह के समय धमाका हुआ। धमाके की वजह गैस सिलेंडर का लीक होना बताया जा रहा है। यह फैक्ट्री कब से चल रही थी इस बारे में अभी कोई ठोस जानकारी नहीं है। धमाके होने पर ग्रामीणें का फैक्ट्री होने का पता चला।

## दूसरे दिन लवन से निकली कांग्रेस की न्याय यात्रा



**बलौदाबाजार, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस की न्याययात्रा 27 सितंबर को बाबा गुरू घासीदास जी के जन्मस्थली गिरौदपुरी की पावन धरा से प्रारंभ हुई और न्याय यात्रा 28 सितंबर को लवन पहुंच गई है। आज कांग्रेस की न्याय यात्रा का दूसरा दिन है। आज न्याय यात्रा लवन स्थित महामाया मंदिर से निकली।

कांग्रेस पीसीसी चीफ दीपक बैज आज सुबह सुबह 8.30 महामाया मंदिर में पूजा अर्चना किया, जिसके बाद लवन से खरतोरा तक पैदल न्याय यात्रा निकली। आपको बता दें कि 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ कांग्रेस की न्याय यात्रा 27 सितंबर को बलौदाबाजार के गिरौदपुरी से शुरू हुई, जो 125 किमी की दूरी तय करके यह पदयात्रा रायपुर पहुंचेगी। पीसीसी चीफ दीपक बैज गिरौदपुरी से राजधानी के गांधी चौक तक पदयात्रा करेंगे।

## मुंबई पर आतंकी हमले का खतरा, खुफिया एजेंसियों के अलर्ट के बाद एक्शन में पुलिस

**मुंबई, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुंबई पर आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया गया है। आईबी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित आतंकी खतरे के बारे में अलर्ट किए जाने के बाद मुंबई पुलिस ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने मुंबई में कई धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले अन्य स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस कर्मियों को धार्मिक और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मॉक ड्रिल करने के लिए भी कहा गया है।

मुंबई के डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) को भी अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि शहर के सभी मंदिरों को सतर्क रहने और एहतियात के तौर पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का निर्देश दिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर: कुलगाम में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में तीन जवान और एक पुलिसकर्मी घायल



**श्रीनगर।** कुलगाम जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के आदिगाम गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ समेत सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया। जब आतंकियों ने खुद को घिरा देखा तो उन्होंने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से सेना के तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया। सुरक्षाबलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी भागने के रास्ते बंद कर दिए हैं कि छिपे हुए आतंकवादी भागने में असमर्थ हों। मुठभेड़ स्थल पर पहले ही अतिरिक्त बल पहुंच चुके हैं। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी कट्टर विदेशी भाड़े के आतंकवादी हैं।

## शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजेगा भारत

**दोनों देशों के बीच पुरानी संधि बढ़ा सकती है पूर्व पीएम की मुश्किलें**



**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मामला एक बार फिर तूल पकड़ चुका है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के वकील करीम एए खान से मुलाकात की है। दोनों के बीच बातचीत मानवता के खिलाफ अपराध को लेकर आरोपियों के मुकदमे की प्रक्रिया पर केंद्रित था। सबसे बड़ा सवाल है कि भारत शेख हसीना को बांग्लादेश को वापस भेजा जा सकता है। इस बात की संभावना काफी कम है। हालांकि, भारत और बांग्लादेश के बीच साल 2013 से प्रत्यर्पण संधि है। प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक, दोनों देशों को एक-दूसरे के अपराधी सौंपने पड़ते हैं। साल 2015 में बांग्लादेश ने अनूप चेतिया को भारत को सौंपा था। अनूप चेतिया असम के अलगाववादी संगठन उल्फा का नेता था। वो साल 1997 में ढाका की जेल में बंद था।


## जलेश्वर में भीषण हादसा, हाईवे से 20 फीट नीचे गिरी यूपी की बस, 4 तीर्थ यात्रियों की मौत और 23 घायल

**भुवनेश्वर, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



बालेश्वर जिले के जलेश्वर में कल देर रात एक भीषण हादसा हो गया। एक यात्री बस नेशनल हाईवे से 20 फीट नीचे गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 23 लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। घायलों में से 16 की हालत गंभीर बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश से 57 तीर्थयात्री जगन्नाथ महाप्रभु का दर्शन करने के लिए कृष्णा नामक बस में पुरी के लिए रवाना हुए थे। वे 18 मार्च को उत्तर प्रदेश से चले थे। बस कल रात कोलकाता से पुरी के लिए रवाना हुई थी। रात करीब एक बजे नेशनल हाईवे 60 पर बस संतुलन खो बैठी और नेशनल हाईवे से 20 फीट नीचे पलट गई। सूचना मिलने पर राष्ट्रीय राजमार्ग की पेट्रोलिंग वैन, जलेश्वर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया।

घायल 23 लोगों को तुरंत बस से बाहर निकाला गया और पहले उन्हें जलेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से सोलह की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें बालेश्वर जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें तीन पुरुष और एक महिला है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए बालेश्वर भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान राजेश कुमार मिश्रा, कमला देवी यादव, राज प्रसाद यादव और शांताराम यादव के रूप में हुई है। इसके अलावा जो यात्री स्वस्थ हैं, उन्हें उनके घर भेजने की व्यवस्था की जा रही है।



## सीएम विष्णुदेव साय से केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने की मुलाकात

**रायपुर, 28 सितम्बर।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहां मुख्यमंत्री निवास रायपुर में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ आगमन पर उनका स्वागत और अभिवादन किया। इस दौरान पेयजल, स्वच्छता और इससे जुड़ी केंद्र प्रवर्तित योजनाओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी मौजूद रहे।

## भगत सिंह की जयंती पर पीएम मोदी अमित शाह और जेपी नड्डा ने दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों ने साहस का परिचय देते हुए साहसिक कार्य किए, जिनका देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है। वह जब तक जिए एक मिशन के तहत जिए। और उसी के लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। वह मिशन था भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाना। हम भले ही भगत सिंह न बन पाएं लेकिन, भगत सिंह जैसा देश प्रेम हमारे दिलों में होना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, मां भारती के वीर सपूत, महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद भगत सिंह के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को प्रचंड कर दिया था।

# तमिलनाडु में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में भीषण आग, 1500 कर्मचारियों को बचाया गया, दूर-दूर तक धुएं का गुबार

**होसुर, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



तमिलनाडु के होसुर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में शनिवार को भीषण आग लग गई। आग सेलफोन मैन्युफैक्चरिंग सेक्शन में लगी, जिसके बाद कर्मचारियों को परिसर खाली करना पड़ा। समाचार एजेंसी के मुताबिक, आग लगने की वजह से संपत्ति का काफी नुकसान हुआ है। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन दल काम में जुटे हैं। जब फैक्ट्री में आग लगी तो उस समय करीब 1,500 कर्मचारी ड्यूटी पर थे। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सांस संबंधी समस्या से पीड़ित तीन कर्मचारियों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। घटनास्थल पर 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की एक टीम को तैनात किया गया है। आईफोन के कई प्रोडक्ट्स का यहां उत्पादन होता है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने इस एफआईआर को दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के आरोपों के संबंध में आया है। जनाधिकार संघर्ष संगठन के आदर्श अय्यर ने निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ एक निजी शिकायत (पीसीआर) दर्ज कराई थी। पीसीआर में आरोप लगाया गया था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली की गई थी। इसके बाद बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. ए.ए. खान
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA
- सेक्स संबंधित समस्या
- मिर्गी, डिप्रेशन, माइग्रेन
- पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
- नींद की कमी, कान में आवाज आना
- बार-बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
- उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
- गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
- बड़ी-बड़ी बाते करना

रविवार से गुरुवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
गरिमा मेडिको
विकास कॉम्प्लेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे


## ट्रक का ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा, दंपति घायल

**दुर्ग 28 सितम्बर।** जिले में जेके लक्ष्मी सीमेंट फैक्ट्री जा रहे ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। ट्रक चालक ने पहले तो बाइक सवार दंपति को चपेट में ले लिया। इसके बाद पेड़ को तोड़ते हुए सड़क किनारे घुस गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला के नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि घटना दोपहर 3.15 बजे की है। कंदई निवासी योगेश कुर्रे (34) अपनी पत्नी दौवना बाई कुर्रे (26) को बाइक पर बैठाकर जा रहा था। इस दौरान ब्रेक फेल होने से ट्रक चालक अपना संतुलन खो बैठा। बाइक सवार को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। ष्द बताया जा रहा है कि हादसे में दोनों सड़क से दूर जा गिए। इसमें पति और पत्नी का गंभीर चोटें आई।

## भाजपा पसान मंडल में चलाया गया सदस्यता अभियान

**कोरबा।** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में देशव्यापी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को सदस्यता ग्रहण करने का लक्ष्य पार्टी आलाकमान ने निर्धारित किया है। पार्टी के तय कार्यक्रम के अनुसार सभी को मिलकर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करना है । पसान मंडल के प्रभारी सुरेश जायसवाल ने लैगी , बैरा, लैंगा, जटगा,पसान, खोडरी, लटिया टोला ,घुमानीडाड़ मे उपस्थित हो कार्यकर्ताओं को निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का अपील करते हुए पसान मंडल में अधिक से अधिक सदस्यता बनाने का लक्ष्य को पूरा करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर नसीम खान,रविंद्र बाजपेयी आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को लीज पर मकान, नहीं हुआ फैसला



**कोरबा।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सहयोगी कोयला कंपनियों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवासीय कॉलोनी के मकान लीज पर देने पर निर्णय नहीं लिया जा सका है। कोल इंडिया के आवास सब कमेटी की दो बैठक बेनतीजा रहने से रिटायर्ड कर्मचारियों को लीज पर आवास मिलने का इंतजार बढ़ाया है।

नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्ल्यूए) पर समझौते के बाद जेबीसीसीआई के सदस्यों ने नॉन एमजीबी के मुद्दे पर निर्णय लेने बैठक में रिटायर्ड कोयला कर्मचारियों को कोल कंपनियों के आवासीय कॉलोनियों के मकान लीज पर देने का मुद्दा उठाया। जेबीसीसीआई सदस्यों ने कंपनी प्रबंधन पर फैसला लेने का दबाव बनाया। चूंकि आवासीय कॉलोनियों में खाली मकानों की जानकारी जुटाने पर ही निर्णय लिया जाना था। इसलिए सबकी सहमति से कोल इंडिया स्तर पर आवास सब कमेटी का गठन किया।

कमेटी में प्रबंधन के अधिकारी व यूनियन के शीर्ष नेताओं को सदस्य बनाया है। टीम में कार्मिक विभाग के एक कर्मचारी को शामिल किया है। सब कमेटी की दो बैठक हो चुकी है। मगर इस पर निर्णय नहीं लिया जा सका। इससे रिटायर्ड कर्मियों को लीज पर आवास मिलने के इंतजार को और बढ़ा दिया है। अब एरिया स्तर पर आवास आवंटन समिति बनाई है। यह समिति आवासीय कॉलोनियों में जाकर सर्वे शुरू कर दिया है। समिति में बीएमएस, इंटक, सीटू, एचएमएस व एटक के पदाधिकारियों को सदस्य बनाया है। अब समिति के सदस्यों ने आवासीय कॉलोनी में पहुंचकर सर्वे शुरू कर दिया है। ताकि कॉलोनियों में खाली आवास के स्पष्ट आंकड़े मिल पाएंगे।

आवास सब कमेटी की जब कभी अगली बैठक होगी, समिति की ओर से मकानों की संख्या के संबंध में बनाई सर्वे रिपोर्ट को कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष पेश किया जाएगा। इसके आधार पर रिटायर्ड कर्मचारियों को लीज पर आवास देने पर निर्णय लेंगे। इससे उन कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी जो रिटायरमेंट के बाद भी कॉलोनी के मकानों को नहीं छोड़ा है। समिति बनाने की यह रही वजह कोल इंडिया आवास सब कमेटी की दूसरी बैठक में कंपनी प्रबंधन ने यह कह दिया था कि कोल इंडिया में 2 लाख 25 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं और इसके अनुरूप ही आवास होने से खाली नहीं है। इस पर यूनियन नेताओं ने तर्क दिया था कि कई कर्मचारी अपने निजी आवास में रहकर ड्यूटी करते हैं। अब एरिया स्तर पर आवास आवंटन समिति बनाई है।

## शिकार के लिए बिछाए तार में खुद फंसा शिकारी, मौत



**कोरबा।** जंगली सूअर के शिकार के लिए जंगल में बिजली तार का जाल बिछाया गया था। इसकी चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। सिविल लाइन थाना अंतर्गत गोढ़ी के जंगल में शुक्रवार की सुबह एक ग्रामीण का शव मिला। आसपास बिजली का तार बिछा हुआ था। समीपस्थ गांव बुंदेली से रामकुमार कंवर (32) के परिजन पहुंचे जो रात से लापता था। उन्होंने मृतक की शिनाख्त रामकुमार के रूप में की। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि रामकुमार ने अपने कुछ दोस्तों के साथ गोढ़ी के जंगल में पहुंचकर वहां जंगली सुअर का शिकार करने बिजली तार का जाल बिछाया था। इस दौरान अंधेरे में रामकुमार खुद चपेट में आ गया।

## नदी में फंसे मछुवारे को बचाया, इनाम से हुए सम्मानित



**कोरबा।** तान नदी में अचानक बाढ़ आने से फंसे मछुवारे को पुलिस टीम ने बचाया था। टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को एसपी ने प्रशस्ति पत्र और नगद इनाम देकर सम्मानित किया। बांगो थाना अंतर्गत पोड़ी-उपरोड़ा निवासी गोकुल सिंह (45) गुरुवार को मछली पकड़ने तान नदी पोड़ी गया था। जहां नदी में अचानक बाढ़ आने पर उसने बचने का प्रयास किया।

लेकिन पानी का बहाव तेज होने से वह नदी के बीच टापू में फंस गया। इसकी जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। बांगो थाना से भी पुलिस कर्मी वहां पहुंचे। पानी के तेज बहाव में खतरे के बाद भी साहस दिखाते हुए पुलिस कर्मियों ने नदी में कूदकर ग्रामीणों की मदद से मछुवारे को सुरक्षित निकाल लिया। टीम में प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश डिक्सेना, डायल 112 का आरक्षक सुरेंद्र कंवर, आरक्षक अनिल पोर्ते, मानस मनी पैकरा, अशोक खरे शामिल थे। जिन्हें शुक्रवार को एसपी ऑफिस बुलाकर एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने प्रशस्ति पत्र और नगद इनाम देकर सम्मानित किया। इस दौरान एएसपी कोरबा यूबीएस चौहान, एएसपी कटघोरा नेहा वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## डेंगू के रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं : मंत्री

**कोरबा।** वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा नगर और जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हेल्थ कैंप लगाने की जरूरत बताई है। मंत्री देवांगन ने पत्र में लिखा है कि विधानसभा क्षेत्र कोरबा सहित पूरे जिले के लोगों में डेंगू बीमारी से पीड़ित होने की संख्या में वृद्धि होने की जानकारी लोगों से मिल रही है। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पोड़ी-उपरोड़ा, पाली और करतला क्षेत्र के साथ-साथ कोरबा शहरी क्षेत्र में भी लोग डेंगू बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। रोकथाम के लिए नियमित तौर पर कीटनाशक का छिड़काव, नालियों व जल-जमाव के सफाई, आवश्यक चिकित्सकीय उपचार, दवाइयों के वितरण की जरूरत है। प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण की व्यवस्था भी करना जरूरी है।



## परिवर्तन जनसभा में ज्योतिनंद की भागीदारी



**कोरबा।** झारखंड के रामगढ़ जिला में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के मुख्य आतिथ्य में परिवर्तन जनसभा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सरगुजा भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे सम्मलित हुए। उनके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा दीपका मंडल के अध्यक्ष सुजीत सिंह भी साथ थे।

## अप्पू गार्डन में लगाई गई प्रदर्शनी



**कोरबा।** नगर निगम ने शहर के विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्डन में एक अनोखी प्रदर्शनी लगाई है, जहां कबाड़ से बनी मिकी माउस, गमले, चेयर, डायनिंग टेबल और हैंगिंग फ्लावर पॉट लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि निगम के कर्मशाला में पुरानी स्क्रेप सामग्री, वाहनों के पुराने टायर, ट्यूब, सीट, एंगल, टिन आदि से इन वस्तुओं का निर्माण किया गया है। सहायक अभियंता विपिन मिश्रा की देखरेख में यह प्रदर्शनी लगाई गई है। यह पहल न केवल कूड़ा-कचरा प्रबंधन में मदद कर रही है, बल्कि लोगों को भी इससे प्रेरणा मिल रही है कि वे अपने घरों में पड़े कबाड़ को उपयोगी वस्तुओं में बदल सकते हैं।

## जिले में बढ़ते किडनी के मरीज जंक फुड व डायबिटिज जिम्मेदार



**कोरबा।** जिले में तेजी से किडनी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। कोरबा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर इसके लिए जंक फूड और डायबिटिज को जिम्मेदार मानते हैं। किडनी के मरीजों की संख्या बढने के चलते डायलिसिस कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है. 2023 दिसंबर से अभी तक कोरबा में 5775 लोगों की डायलिसिस हो चुकी है। जांजगीर चांपा में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। यहां 5335 मरीजों का डायलिसिस किया जा चुका है। बिलासपुर में 7807 तो मुंगेली में भी 3246 लोगों की डायलिसिस की गई है। जानकारों का कहना है कि किडनी के बढ़ते मरीजों की संख्या पर एक रिसर्च भी किया जाना चाहिए। ये पता लगाना चाहिए कि क्यों किडनी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

ऊर्जाधानी के नाम से मशहूर कोरबा में किडनी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जो आंकड़े सामने हैं वो बेहद चौंकाने वाले हैं। साल 2023 के दिसंबर महीने से लेकर अभी तक कोरबा जिल में 5775 लोगों की डायलिसिस हो चुकी है। कोरबा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर का मानना है कि जंक फूड और डायबिटिज के मरीजों की वजह से डायलिसिस कराने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कोरबा में डायलिसिस करने के कुल आठ मशीनें हैं। आठ में दो महीनें खराब हैं। बीते छह महीनों से हर दिन करीब मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। ये डायलिसिस चार सेशन में किया जाता है। शुगर वाले मरीजों में किडनी की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। शुगर मरीजों को हम हमेशा कहते हैं कि वो समय समय पर अपना चेकअप कराते रहें। किडनी के मरीजों को कहा जा रहा हैं कि वो पानी थोड़ा कम पीएं। किडनी पर जो लोड बढ़ाते हैं हमें ऐसे खाने पीने से परहेज करना चाहिए। किडनी के जो भी मरीज हैं उनको अपने खान पान पर खास ध्यान देना चाहिए।

## मिडिल स्कूल के विज्ञान शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**कोरबा।** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में मिडिल स्कूल के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । 2 दिन ऑफलाइन और 3 दिन ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रयोग और प्रदर्शन पर जोर दिया गया। प्रथम चरण में कोरबा, करतला व कटघोरा ब्लॉक के शिक्षक और द्वितीय चरण में पोड़ी उपरोड़ा और पाली विकासखंड के शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण में विज्ञान पढ़ाने के साथ-साथ पाठ में दिए विषय वस्तु और प्रक्रिया पर फोकस किया गया। साथ ही-साथ कौशलों और दक्षताओं के विकास, अवधारणात्मक समझ प्रयोग विधि और प्रदर्शन विधि से शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया गया। विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य के तहत विज्ञान की प्रकृति, वैज्ञानिक प्रक्रिया व विज्ञान शिक्षण को वर्तमान संदर्भ में समझाते हुए कक्षा शिक्षण करना, गतिविधि को स्थानीय परिवेश से जोड़ना, कक्षा के अनुभव और चुनौतियों को समझना और उस पर चर्चा करना सहित अन्य विषय पर जानकारी साझा की गई। इस दौरान आशु गुप्ता, पदमा प्रधान, राकेश कौशिक, दामोदर मरकाम, अमित आदित्य, लीना साहू, संतोष मिश्रा, गौरव शर्मा, रिंकू, पीके कौशिक, अरविंद शर्मा, किरण लता शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य राम हरि शराफ ने कहा कि खोजी प्रवृत्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शिक्षक बने।

## शिवाजी नगर में गरबा उत्सव मनाने की तैयारी शुरू

**कोरबा।** 3 अक्टूबर से नवरात्रि की शुरुआत होगी। इसे ध्यान में रखते हुए शिवाजी नगर में गरबा व डांडिया उत्सव मनाने की तैयारी शुरू की जा चुकी है। शिवाजी नगर में 30वां वर्ष है, जब नवरात्रि पर्व पर गरबा-डांडिया उत्सव मनाया जाएगा। अबकी बार समिति ने पास की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि डांडिया व गरबा में भाग लेने पर कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। बता दें कि हर आयु वर्ग के लोगों की शिवाजी नगर में गरबा व डांडिया उत्सव को देखने भीड़ जुटती है। गरबा व डांडिया से लोग माता की आराधना करते हैं। नवरात्रि पर्व पर शिवाजी नगर में भक्तिमय माहौल बना रहता है। दूरदराज से भी लोग गरबा व डांडिया के उत्सव को देखने पहुंचते हैं। इन्हें किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए शिवाजी नगर डांडिया उत्सव समिति ने तैयारी में इसका खास ध्यान रखा है।

## जान जोखिम में डालकर विद्युत व्यवस्था को सुचारू बना रहे बिजली कर्मचारी



**कोरबा।** भीषण गर्मी के 47- 48 डिग्री तापमान में जहां सब अपने घरों में पंखे, कूलर, एसी में रहकर तथा भरी दोपहरी घर से निकलना दूभर हो गया था। ऐसे में संविदा कर्मचारी के रूप में अल्प वेतन पाने वाले बिजली कर्मचारी बिना सुविधा के विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए आग उगलते दिन के अलावा रात में जान को जोखिम में डालकर हाथी प्रभावित क्षेत्र में भी काम कर मेहनत करते हैं। थोड़ा सा लाइट गुल होने पर लोगों के निरंतर फोन आना कि कब आएगी लाइट, कुछ काम नही करते हो, फ्री की तनख्वाह ले रहे हो और भी तमाम तरह की बाते सुनते हुए भी पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के अंतर्गत दुरगामी विहड वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 100 से अधिक गांवों में बिना निराश ना हताश होते हुए बल्कि इन सबके बीच भरी दोपहरी तपते हुए खम्भे पर चढ़कर और पिघलती हुई बिजली के वायर जिसके बीच जलभुन कर शिद्दत से काम करने वाले ऐसे सिपाही के जज्बे को हम सलाम करते है जो जनता के पीड़ा को समझते हुए कि जितनी जल्दी से जल्दी विद्युत अवरोध को ठीक कर सके ताकि जनसामान्य को उतनी जल्दी भीषण गर्मी से राहत मिल सके। हालांकि प्री मानसून के बीच हुई बारिश ने लोगो को गर्मी से हल्की राहत दी है। लेकिन आने वाले बरसात के दिनों में भी इन बिजली कर्मचारियों को आराम नही क्योंकि अंधड़ व बारिश में विद्युत आपूर्ति बहाल करने में ये जुटे रहेंगे। बरसाती दिनों में जहां तेज आंधी के बीच विद्युत तार पर पेड़ो की डंगाल टूटकर गिरना तो तार आपस मे टकराकर लाइन फाल्ट होना, वहीं तेज बारिश से इंसुलेटर क्रेक होना आम बात रहता है। ऐसे में अपने कार्यों को लेकर दिन- रात सजग इन कर्मचारियों के हौसलों की सराहना भी हम करते है जिनके द्वारा अपनी जान की बाजी लगाकर बिजली सेवा बहाल की दिशा में काम कर रहे है।

## भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने किया प्रदर्शन

**कोरबा।** कोयला कामगारों से संबंधित विषय को लेकर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने नागपुर की बैठक के बाद मोर्चा खोल दिया है। कोल इंडिया की सभी कंपनियों में सदस्यता अभियान में एकरूपता , अस्पतालों में संसाधन और सुविधा बढ़ाने के अलावा कामगारों के हितों का संरक्षण किए जाने के लिए उसने आवाज बुलंद की है। बीकेकेएमएस के केंद्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि एसईसीएल सहित सभी कंपनियां में जन जागरूकता के लिए हमारे काम जारी हैं। कुसमुंडा स्थित मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के गेट के सामने संगठन की ओर से प्रदर्शन किया गया।

## वेट लिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छाया ने बढ़ाया मान



**कोरबा।** एसईसीएल की अंतर क्षेत्रीय वेट लिफ्टिंग की प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के उमरिया जोहिला क्षेत्र में आयोजित किया गया था। जिसमे गेवरा क्षेत्र की छाया देवी चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कोरबा एसईसीएल गेवरा को गौरवान्वित किया। चौहान समाज की एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं। इस उपलब्धि पर समाज के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वादयक , केंद्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मनमोहन सिहचौहान शिव चौहान, सुशीला पाल सरोज कवर रविशंकर सुनील कुमार, संजय वादयक बुधाराम,वादयक एवं बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारियों व क्षेत्रीय नागरिक द्वारा बधाई दिया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## महापौर ने आयुक्त से कहा सड़कों को तत्काल सुधारें



**कोरबा।** नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर मुख्य सड़कों की मरम्मत कराने कहा है। उनका कहना है कि बारिश की वजह से सड़कें खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। लोगों का इसे लेकर जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। निगम की छवि भी खराब हो रही है।

महापौर ने आगे कहा हैं कि शहर की मुख्य सड़कें बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई है। सबसे अधिक शिकायत लोगों की सड़कों को लेकर ही है। बाइक चालक सबसे अधिक परेशान होते हैं। इसकी वजह से दुर्घटनाएं भी हो रही है। इसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। श्री प्रसाद ने कहा कि आपसे चर्चा हुई तो बताया गया था कि ठेकेदार की परफॉरमेंस गारंटी की राशि राजसात की गई है। इसी राशि से शीघ्र ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। लेकिन यह दुर्भाग्यजनक है कि दो महीने बीतने के बाद भी सड़कों में सुधार नहीं हुआ है। अभी तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया जा रहा हैं। आने वाले समय में नवरात्र पर्व शुरू होगा। उसके बाद दशहरा व दीपावली है। प्रमुख मार्ग ठीक नहीं हुई तो लोगों की परेशानी और बढ़ेगी।

## जिले के 3 शासकीय चिकित्सकों को मिला सख्त नोटिस

**कोरबा ।** कोरबा जिले में शासन के निर्देशों को दरकिनार करते हुए ड्यूटी टाइम पर भी निजी नर्सिंग होम और निजी क्लीनिक में प्रैक्टिस करने के आरोप में कोरबा जिले के तीन शासकीय चिकित्सकों को इस बाबत नोटिस जारी किया गया हैं। तीनों ही चिकित्सकों के इन कारनामों का खुलासा पिछले दिनों एक मीडिया ग्रुप के द्वारा किया गया था। अब जारी नोटिस का जवाब देने के लिए उन्हें तीन दिनों की मोहलत दी गई हैं। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संदिग्ध डेंगू मरीज की उपचार में दौरान मृत्यु पश्चात परिजनों ने हंगामा कर दिया था। मृत्यु के बाद उपचार कर रहे चिकित्सक जो कि मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है और एमडी मेडिसिन है। उन्होंने परिजनों को अमर्यादित बयान देते कहा था कि डेंगू के मरीज की मृत्यु ही होती है। जांच-पड़ताल के बाद इस मामले में 3 शासकीय चिकित्सकों को सख्त नोटिस दिया गया हैं।

## नकली सेफ्टी जूता बेचने की शिकायत पर हार्डवेयर दुकान में पुलिस का छापा

**कोरबा।** औद्योगिक उपक्रमों में कर्मचारियों व मजदूरों की सुरक्षा के लिए नकली सेफ्टी जूते की आपूर्ति हो रही है। कोलकाता की एक कंपनी की लिखित शिकायत पर शहर के एक हार्डवेयर दुकान पर छापा मारकर पुलिस ने ऐसे 10 जोड़ी जूते बरामद किये हैं। उक्त मामले में कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

सीएसईबी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मण खुंटे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग स्थित एक हार्डवेयर प्रतिष्ठान में छापा मारा। यहां से टाइगर सेफ्टी जूते के नाम से 10 जोड़ी नकली जूते बरामद किये गए। पुलिस ने नकली जूते को जब्त कर मामले में कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही की है। चौकी प्रभारी श्री खुंटे ने बताया कि कोलकाता की सेफ्टी जूते बनाने वाली माइको कंपनी की ओर से उनके कंपनी के टाइगर ब्रांड के नकली सेफ्टी जूते बिकने के लिखित शिकायत मिली थी। इसमें उक्त हार्डवेयर प्रतिष्ठान में नकली सेफ्टी जूते की सप्लाई होना बताया गया था। सूचना पर तस्दीक के लिए वे वहां पहुंचे। यहां जांच करने पर 10 जोड़ी नकली सेफ्टी जूते मिला। उन्होंने बताया कि हार्डवेयर प्रतिष्ठान के संचालक ने पूछताछ में बाहर से सेफ्टी जूते मंगाने और नकली होने की जानकारी नहीं होना बताया गया हैं। मामले में कार्यवाही कर आगे जांच की जा रही है। हार्डवेयर प्रतिष्ठान के संचालक ने बताया कि उनके संस्थान में रायपुर, दिल्ली व कोलकाता से सेफ्टी जूते मंगाए जाते हैं। जिन्हें बालको सहित अन्य औद्योगिक उपक्रमों में नियोजित कंपनियां खरीदती है। उन्हें टाइगर ब्रांड के सेफ्टी जूते के नकली होने की जानकारी नहीं थी।

## वनकर्मियों की हड़ताल स्थगित

**कोरबा।** वन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दी है। वन विभाग के कर्मचारी और मंत्री अधिकारियों के बीच हुई बैठक के बाद स्थायीकरण और कार्यभारिता मांग पर सहमति बनने के बाद हड़ताल वापस ले ली गई। कर्मचारी अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे थे। प्रांताअध्यक्ष राम कुमार सिन्हा ने कहा कि लिखित में दिया गया है कि अगर समय सीमा पर हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो फिर हड़ताल में बैठेंगे। उन्होंने बताया कि पहले छह सूत्री मांगों पर सहमति बनी थी और आज दो सूत्री मांगों पर बनी सहमति बनी है। अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा ने बताया कि हमने स्थायीकरण, आकस्मिक निधि सेवा लागू करने, सीधी भर्ती पर तत्काल रोक लगाने, रिक्त स्थानों पर दैनिक वेतनभोगी लोगों को समायोजन किया जाने की मांग थी। इसके अलावा रूका हुआ वेतन तत्काल भुगतान, श्रमिक सम्मान राशि का भुगतान, समान काम समान वेतन की मांग की थी।

## कम्प्यूटर आपरेटर संघ का धरना प्रदर्शन जारी



**कोरबा।** कोरबा जिले के साथ प्रदेश भर के धान खरीदी केंद्रों में नियोजित कम्प्यूटर आपरेटर दो सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए हैं। 18 सितंबर से धरना-प्रदर्शन कर रहे कम्प्यूटर ऑपरेटरों की अब तक सुनवाई नहीं हुई है इनकी मांग है कि धान खरीदी कम्प्यूटर वर्ष 2007 से डाटा एंट्री ऑपरेटर 17 वर्षों से समर्थन मूल्य खरीदी में कार्य कर रहे हैं, उनका ऑपरेटर का विभाग तय करना चाहिए। दूसरी मांग नवीन वित्त निर्देश 22-23 के अनुसार संविदा वेतनमान में 27 प्रतिशत की वृद्धि कर 23,350 रुपए मासिक संविदा वेतनमान अगस्त 2023 से दिया जाए। कोरबा जिले से समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ में 65 सदस्य हैं, जिनमें 50 से अधिक सदस्य अभी रायपुर हड़ताल में शामिल हैं। संघ के कोरबा जिलाध्यक्ष मुरली महाराज, कार्यकारणी सदस्य पवन डिक्सेना ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक वे धरना जारी रखेंगे। उनका विभाग तय कर दिया जाए और 2022-23 से 27 प्रतिशत वृद्धि कर मासिक वेतन का लाभ प्रदान किया जाए।

# शक्ति की उपासना होगी क्ंवार नवरात्र में



**जांजगीर नैला।** सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई तीरथ धाम ग्राम महंत में दिनांक 3 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक आयोजित शारदीय कंवार नवरात्रि महापर्व की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं मंदिर में मनोकामना हेतु आस्था के दीप प्रज्वलित कराने हेतु श्रद्धालुजन निरंतर रूप से पधारकर आस्था ,श्रद्धा, भक्ति एवम विश्वास के साथ अपना पंजीयन करा रहे हैं । विदित है ग्राम महंत के बंधवा सरोवर के पार में अपने 9 रूपों में साक्षात रूप से विराजित सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी अपनी असीम कृपा से समस्त जन मानस की मानता पूरी करती हुई सबकी झोली भरती हैं ,जिसके फलस्वरूप देश एवम विदेशों से भी दर्शनार्थी अपनी मनोकामना पूरी करने आस्था के दीप प्रज्वलित करते हैं एवम मंदिर पधारकर चण्डी दाई का दिव्य दर्शन करते हैं ,इन्हीं सभी साक्षात मान्यताओं के चलते समस्त ग्राम वासी निस्वार्थ भाव से अपनी निरंतर सेवा देते हैं ,मंदिर में लोक कल्याण हेतु सभी धार्मिक अनुष्ठान को सनातनी धार्मिक प्रथा से संचालन हेतु ग्राम पुरोहित द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ एवम श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ,अष्टमी पर्व पर श्री कुमारिका पूजन ,हवन एवम हरदियाही उपरांत पूर्णाहुति के साथ आशीर्वाद प्रदान किया जाता है एवम ग्राम बैगांवों की 12 सदस्यों द्वारा समस्त बैगा पद्धति का पालन करते हुए से मनोकामना ज्योति कलशों की सेवा करते हैं इसके अतिरिक्त वर्ष भर प्रात: एवम संध्या कालीन आरती ग्राम पुजारी द्वारा किया जाता है।चण्डी दाई मंदिर में समस्त धार्मिक अनुष्ठानों को बहुत ही सात्विक , शुद्धता एवम विधि विधान से करने का प्रयास किया है ,जिसके तहत घृत मनोकामना ज्योति कलश हेतु शुद्ध ब्रांडेड अनिक घृत एवम तेल ज्योति कलशों हेतु एविस गोल्ड तेल ही उपयोग किया जाता है। नवरात्रि पर्व का शुभारंभ दिनांक 3 अक्तूबर अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को घट स्थापना हेतु नियत समय सुबह 11.36 से 12.24 बजे तक गर्भ गृह में ज्योति कलश प्रज्वलन उपरांत समस्त मनोकामना ज्योति कलश एवम मंदिर परिसर स्थित श्री सिद्ध बाबा , श्री भैरव बाबा ,सिद्धिविनायक श्री गणेश ,श्री हनुमान लला ,श्री भोले भंडारी चंद्रशेखर महादेव ,श्री भोला शंकर , श्री तिरुपति बाला जी ,श्री शनिदेव , ग्राम स्थित श्री ठाकुर देव,श्री बरमबावा , हटवारा स्थित श्री महावीर ,श्री काली मंदिर ,श्री सिद्ध बाबा भाटापारा ,में लोक कल्याण हेतु दीप प्रज्वलित किए जायेंगे , इसके साथ ही युवा पीढ़ियों की जानकारी हेतु ग्राम के विभिन्न मुहल्ले में स्थित पुरातन मान्यता प्राप्त देव स्थल ,श्री सती दाई ,श्री शीतला माता ,श्री कुहकी पाठ , श्री पुर्रु पाठ ,श्री द्वारकाधीश ,,श्री रामसरकर ,श्री दमदमा ,श्री बघरी देव , श्री राजा हरिश्चंद्र , ग्राम के पुरातन बेड़ा कहरा पीपर स्थित श्री पांच पांडव सहित और जितने भी चिह्नंकित देव स्थलों की साफ सफाई एवम बंदनों का लेप कर बैगाओं ,पुजारी एवम मुहल्ले वासियों द्वारा यथा योग्य सेवा किया जावेगा इस तरह ग्राम महंत में पूरे नवरात्रि महापर्व पर ग्राम की सभी पुरातन परम्पराओं को निर्वहन करने का सम्यक प्रयास किया जाता है जिसमें सभी जाति ,धर्म एवम समुदाय के लोग बढ़ चढ़ कर सेवा देते हुए महंत ग्राम को तीरथ धाम का स्वरूप प्रदान करने अपनी सहभागिता निभाते हैं।

## भाजपा नेता नारायण चंदेल के भाई शेखर ने किया आत्महत्या



**जांजगीर नैला।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा नारायण चंदेल के छोटे भाई शेखर चंदेल ने अज्ञात कारणों से नैला रेल्वे स्टेशन के पास कट कर आत्महत्या कर ली है। जिनका लाश रेल पटरी से पुलिस ने बरामद की है घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मंच गया है घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए। पुलिस प्रशासन ने भी तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाला। इस घटना की खबर सुनने पर लोगों को भरोसा नहीं हो रहा था। रेलवे स्टेशन के पास घटी घटना से जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक स्वयं घटना स्थल पहुंचे थे तथा मृतक शेखर के मरने के कारणों का पता लगाने में जुट गए हैं। घटनास्थल से किसी प्रकार की कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। नैला चौकी और कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है इस मामले में पुलिस जांच में जुट गई है वही शहर में शोक की लहर दौड़ गई और घटना के बाद राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग अपना शोक व्याप्त किए हैं।

## शिक्षक सम्मान समारोह में खंडकाव्यों का हुआ विमोचन

**जांजगीर चांपा।** ग्राम पंचायत बेल्हा निवासी एवं बम्हनीडीह ब्लॉक के सेमरिया में व्याख्याता के पद पदस्थ राजीव लोचन कश्यप द्वारा रचित दो पुस्तकों जीवन अनमोल है तथा एक अऊ सकुंतला खंडकाव्य का विमोचन स्वामी आत्मानंद हायर से स्कूल क्र 1 में जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विशेष रुप से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह एम डी दीवान, विजय कुमार लहरे नवागढ़, मोहनलाल कौशिक पामगढ़, हेमलता शर्मा सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा, ऋषिकांता राठौर बी आर सी नवागढ़, डां रमेश कुमार राठौर संचालक डी बी एम जांजगीर उपस्थित रहे। शिक्षक कला साहित्य अकादमी के पदाधिकारी कौशलेंद्र पटेल, विजय कुमार प्रधान, राधे श्याम कंवर, डां बोधीराम साहू, प्रदेश महासचिव डां ज्योति सक्सेना, मधु कारकेल, रामबिलास डाहरे एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में लगा आयुष्मान कार्ड कैम्प

**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में 25 एवं 26 सितंबर को दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड बनाने कैम्प आयोजित किया गया। शिविर को सफल बनाने में डॉ आजम्बर सिंह सिसोदिया बी. एम. ओ., सुरेश जायसवाल बी. बी. एम., प्रभारी कमल किशोर बरेठ आर. एम. ए., सुपर वाइजर सुनील मैथ्यू, एल. एच. वी. ममता मैथ्यू, मनोज पटेल आर. एच. ओ., सतीश कश्यप, मिथुन रात्रे, अनिता आदित्य, मीनू खाण्डेल सी. एच. ओ, दिलीप यादव आर. एच. ओ. ने अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव कुमार कहार, प्रधानाचार्य संतोष कुमार आदित्य एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मठ में महन्त लाल दास को याद किया गया



लाल दास महाराज के तिथि के अवसर पर तर्पण करने के लिए शिवरीनारायण में महानदी के संगम पर उपस्थित होते हैं। श्राद्ध के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से संत राम गोपाल दास महाराज, विधायक शेषराज हरबंस, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश केसरवानी, हेमंत दुबे, सुखराम दास, त्यागी महाराज,पूर्णेन्द तिवारी, कमलेश सिंह, निरंजन लाल अग्रवाल,योगेश शर्मा, ज्ञानेश शर्मा अमर मिश्रा, अनिल शर्मा, शत्रुघ्न शर्मा, संजय शर्मा, देवा लाल सोनी, ओम प्रकाश सुल्तानिया, कल्याण सिंह बर्मन,जगदीश यादव,रामतीरथ दास , मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन सम्मिलित हुए।

**शिवरीनारायण।** मठ मंदिर के महन्त लाल दास महाराज को आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी पितर श्राद्ध के अवसर पर याद किया गया। सुबह 6.00 बजे श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने महानदी के त्रिवेणी संगम में पितरों को तर्पण किया, तत्पश्चात मठ पहुंचकर उन्होंने हवन करके पितरों को श्रद्धा सुमन अर्पित की। दोपहर 1.00 बजे भगवान की आरती, पूजन संपन्न होने के पश्चात शिवरीनारायण नगर के ब्राह्मणों को ब्राह्मण भोजन कराया गया। साथ ही श्रद्धालु भक्तों ने भी भोजन प्रसाद प्राप्त किया। राजेश्री महन्त महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि- भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में पितर तर्पण का विधान है। हमें अपने पूर्वजों को तर्पण अवश्य करना चाहिए इससे वे प्रसन्न होकर अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यह सनातन परंपरा है युग- युगों से चलते आ रहा है, इसका निर्वाह हम सभी को करना ही चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त महाराज पितर पक्ष में प्रत्येक दिन उषा काल में रायपुर स्थित खारुन नदी के महादेव घाट पहुंचकर श्री दूधाधारी मठ एवं शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्यों को तर्पण करते हैं तथा वे प्रत्येक वर्ष दशमी तिथि को महन्त

## विश्व सिंधी सेवा संगम के जिलाध्यक्ष बने सुनील



**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के सक्रिय युवा कार्यकर्ता तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी को विश्व सिंधी सेवा संगम का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पिछले दिनों विश्व सिंधी सेवा संगम के इंटरनेशनल चेयरमेन डॉ. राजू मनवानी तथा संस्थापक चेयरमेन गोपाल सजनानी द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने हर्ष जताया है।

## अमोरा मे राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन

**अकलतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमोरा अकलतरा मे राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्था के प्रभारी प्राचार्य आशीष मिश्रा के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को व्याख्याता मीना राय, ललिता साहू, सुलेखा आदिले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवक अंजली, चंद्रकुमारी, राजेश्वरी, लीना, सुषमा, सुक्रिता के द्वारा लक्ष्य जीत की प्रस्तुति दी गयी। स्नेहा, संर्जना, रिया कश्यप, रिया वर्मा के द्वारा सद्भावना गीत एवं प्रिंस निर्मलकर, दीपक यादव, संदीप, अनीश, प्रेम, हिशेश्वरी, आस्था, नेहा कैवर्त के द्वारा कविता की प्रस्तुति दी गई। लव , इंद्रजीत, सागर, अनुराग, हरीश और रिया, दीक्षा, प्रिया संध्या पटेल के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्य गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार कैवर्त के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन आशा शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली बाइक रैली

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर 27 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल रखी। विकासखंड के शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा ने हड़ताल पर समर्थन दिया गया। इस दौरान अंबेडकर चौक से बाइक रैली निकाली गई। रैली नगर के समस्त कार्यालय में भ्रमण करने के बाद वापस जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पहुंची। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए राज्य शासन से मांगों को पूरा करने की मांग की गई।

## दावा आपत्तियों को दरकिनार कर आंख मूंदकर दे दी नियुक्तियां

**पामगढ़ ।** महिला एवं बाल विकास विभाग पामगढ़ में कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती में अपने लोगों को उपकृत करने के लिए नियम-कायदों को पूरी तरह से दरकिनार किया गया है। यहां तक कार्यकता-सहायिका भर्ती प्रक्रिया के दौरान ही लगभग अधिकांश केंद्रों में दावा आपत्तियां लगी थी। लेकिन दावा आपत्तियों का क्या निराकरण हुआ, इसका जवाब शिकायतकर्ताओं को आज तक नहीं मिला। आपत्तियां महिला एवं बाल विकास विभाग पामगढ़ कार्यालय में ही दबकर रह गई। शिकायकर्ताओं का कहना है कि उनकी दावा आपत्ति में क्या निराकरण किया गया, इसका जवाब उन्हें नहीं मिला। दावा आपत्ति के निराकरण के संबंध में जब भी विभागीय अफसरों से जवाब मांगा गया तो सीधे नियमों का हवाला देकर उनका मुंह बंद करा दिया गया गया कि दावा आपत्ति का कोई भी जवाब लिखित में रिटर्न नहीं दिया जाता। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि

पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद जो कुछ भी सामने आएगा, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। गड़बड़ी हुई होगी तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। अनिता अग्रवाल, डीपीओ दावा आपत्ति का निराकरण किया ही नहीं गया और सांठगांठ कर अपने लोगों को नियुक्ति दे दी गई। ऐसे में अगर पिछले सालभर के दौरान पामगढ़ ब्लॉक में जितनी भी दावा आपत्तियां लगी हुई है उनकी जांच कराने में इस बात का खुलासा हो सकता है कि आखिर निराकरण हुआ है तो क्या हुआ।

इधर इस पूरे मामले में इस बात का खुलासा हो रहा है कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी कर अपने लोगों को नौकरी दिलाने में कुछ जनप्रतिनिधियों का हाथ है जो भर्ती प्रक्रिया में शामिल थे। महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी के ऊपर दबाव रहा है। अब मीडिया में बात सामने के बाद अधिकारी भी मुंह खोल रहे हैं कि दबाव था। इससे स्पष्ट हो रहा है कि दबाव के चलते भी कई अपात्रों को पात्र बनाने का खेल चला रहा है। वहीं पात्र अभ्यर्थियों के साथ खिलवाड़ भी हुआ है।

## राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित हुई व्याख्याता ज्योति

**राहौद।** गौ रक्षक शक्तिधाम सेवार्थ फाऊंडेशन इंदौर मध्य प्रदेश द्वारा नवाचारी व्याख्याता डॉ. ज्योति सक्सेना को राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है।

उन्हें यह सम्मान जांजगीर जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य जिलों एवं अन्य राज्यों में भी अपनी शैक्षिक सेवा नवाचार के साथ ऑनलाइन माध्यम से प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा के आधार पर गौ रक्षक शक्तिधाम सेवक फाउंडेशन की ओर से राष्ट्र निर्माण में अग्रणी शिक्षक सेवा के लिए प्रदान किया गया है।

डॉ. सक्सेना के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग सेवा, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, निर्धन विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्टेशनरी, स्वनिर्मित नोट्स, बालिकाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पेड का वितरण, तथा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रंगोली, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट फूल बत्ती बनाना, दिए बनाना, केश सज्जा, लिफाफे बनाना, कार्ड बनाना, छत्तीसगढ़ी गहने बनाना जैसी कार्यों का प्रशिक्षण देकर नि:स्वार्थ सेवा कर रही हैं। डॉ. ज्योति सक्सेना हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए एवं छत्तीसगढ़ी सभ्यता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



नवरात्र पर्व के लिए अंचल में दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### स्थानांतरण पर सब इंजीनियर को दी गई विदाई

**चांपा।** जल संसाधन विभाग में 81 उप अभियंताओं की पदोन्नति पदस्थापना आदेश जारी हुआ है। कुछ दिन पूर्व हुए पदोन्नति स्थानांतरण आदेश में जांजगीर संभाग के सिवनी उपसंभाग में पदस्थ इंजीनियर मनीष राठौर द्वारा लंबे समय तक सिवनी उपसंभाग में अपनी सेवाएं दी। उक्त स्थानांतरण में राठौर का पदस्थापना बिलासपुर जिले के तखतपुर उप संभाग में हुआ है, जिससे सिवनी उपसंभाग अंतर्गत आने वाले प्रभावित किसान एवं सारागांव नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर ने भावभीनी विदाई दी। उपाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के हित में सदैव तत्पर रहने वाले इंजीनियर हैं। अपने कार्यकाल के दौरान नहरों का जाल बिछाने, सरवानी ,लखाली टेल एरिया में अतिरिक्त प्रयास कर पानी पहुंचाने जैसे जनहित के महत्वपूर्ण कार्य उनके द्वारा कराए गए हैं।

## आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का स्वास्थ्य लाभ

**जांजगीर-चांपा।** ग्रामीणों की मांग और समस्याओं के समाधान व जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ दिलाने के लिए ग्राम पंचायत खोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में स्थानीय नागरिक सहित आसपास गांव के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में मांग व समस्याओं से संबंधित 540 आवेदन मिले। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर आकाश छिकारा सहित अतिथियों ने अवलोकन किया। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि शासन की योजनाएं आम नागरिक तक पहुंचे, इसको लेकर जन समस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ आप 5 लाख तक स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

इसी प्रकार पीएम सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना शासन द्वारा चलाई जा रही है जिसका अधिक से अधिक लाभ लें। कार्यक्रम में कलेक्टर छिकारा ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत शपथ दिलाई। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति देवी सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, सरपंच राधेलाल थवाईत, गुलाब सिंह चंदेल, सहायक कलेक्टर दुर्गाप्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एसडीएम ममता यादव, जनपद पंचायत सीईओ अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने पहुंचे कोर्ट कमिश्नर

**जांजगीर चांपा ।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में रिट पीटीशन के संदर्भ में हाईकोर्ट में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने तथा ब्लैक स्पॉट को ठीक करने के निर्देश दिए थे। इस पर परिवहन विभाग ने शपथ पेश किया था।

जिसमें राज्य सरकार ने बताया था कि अब तक 682 ब्लैक स्पॉट दुरूस्थ किया जा चुका है। वहीं 162 ब्लैक स्पॉट सुधारने का कार्य जारी है। गौरतलब है कि 30 जुलाई 2024 को हाईकोर्ट ने अपने आदेश के पालन की सत्यता की जांच के लिए एडवोकेट रविंद्र शर्मा एवं प्रांजल अग्रवाल को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया गया था। इसके बाद कमिश्नर रविंद्र शर्मा ने जांजगीर-चांपा जिले के समस्त ब्लैक स्पॉट वे ब्रिज एवं अन्य दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया। जिले के स्टेट हाइवे मिलाकर कुल 6 ब्लैक स्पॉट पाया। जिन पर संकेतक बोर्ड, क्रंबल स्ट्रीक, स्पीड ब्रेकर, हजार्ड मार्कर, बैंड रोड निर्माण आदि की संख्या एवं लोकेशन की जानकारी ली। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या एवं अन्य जानकारी भी एकत्रित की। कोर्ट कमिश्नर ने मौके पर रोड से लगे ढाबे होटल, मदिरा दुकान सहित अन्य जानकारी जुटाकर ऐसे स्थानों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंध में आवश्यक जानकारी दी और सुझाव अफसरों को दिए। कोर्ट कमिश्नर ने साफ साफ कहा कि सड़क के आसपास के अतिक्रमण हटाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग को सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर नियमित चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### विश्व सिंधी सेवा संगम के जिलाध्यक्ष बने सुनील

**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के सक्रिय युवा कार्यकर्ता तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी को विश्व सिंधी सेवा संगम का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पिछले दिनों विश्व सिंधी सेवा संगम के इंटरनेशनल चेयरमेन डॉ. राजू मनवानी तथा संस्थापक चेयरमेन गोपाल सजनानी द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने हर्ष जताया है।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं वामन मीनू मनोहर (VAMAN MENU MANOHAR), पिता श्री तररल पल्पानमन वामन (THARRAL PALPANAMAN VAMAN), निवासी-क्वा.नं.बी-67, विकास नगर कुसमुण्डा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) का हूं। आम जनता को शपथपूर्वक सूचित करता हूं कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं और मेरा आधार नंबर - 732830488031 है। मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम वामन मीनू मनोहर (VAMAN MENU MANOHAR) एवं कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम वामन मीनू मनोहर (VAMAN MEENU MANOHAR) है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति है अर्थात मेरे स्वयं के हैं। मेरा सही नाम वामन मीनू मनोहर (VAMAN MENU MANOHAR) है एवं मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये। मैं यह शपथ पत्र मेरे त्रुटिपूर्ण नाम को सुधार करवाने हेतु निष्पादित किया हूं जिसे संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथ कर्ता**
VAMAN MENU MANOHAR
**विकास नगर, कुसमुण्डा, कोरबा**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ऋषभ मनोहर (RISHABH MANOHAR) उम्र 29 वर्ष, पिता श्री वामन मीनू मनोहर (VAMAN MENU MANOHAR), निवासी-क्वा.नं.बी-67, विकास नगर कुसमुण्डा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) का हूं। आम जनता को शपथपूर्वक सूचित करता हूं कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं और मेरा आधार नंबर - 325151758270 है। मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम ऋषभ मनोहर (RISHABH MANOHAR) एवं कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम ऋषभ मनोहर (RISHAB MANOHAR) है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति है अर्थात मेरे स्वयं के हैं। मेरा सही नाम ऋषभ मनोहर (RISHABH MANOHAR) है एवं मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये। मैं यह शपथ पत्र मेरे त्रुटिपूर्ण नाम को सुधार करवाने हेतु निष्पादित किया हूं जिसे संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथ कर्ता**
RISHABH MANOHAR
**विकास नगर, कुसमुण्डा, कोरबा**

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**टी.पी. नगर जोन**

**फा.क्र./281, 242, 254, 196, 249/ निर्माण (टी.पी. नगर)/2024/ कोरबा, दिनांक 24.09.2024**

### निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुवल निविदा वेबसाईड से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती जाती है।

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - क्र.1 हेतु 15.10.2024 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 15.10.2024 सायंकाल 4.30 बजे तक
3. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - क्र. 02 से 04 हेतु 10.10.2024 सायंकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -10.10.2024 सार्यकाल 4.30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 02 तुलसी नगर सामुदायिक भवन के सामने गली में आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद, प्रथम निविदा) | 3,97,000/- | 3,970/- |
| 2. | वार्ड क्र. 15 अंतर्गत भैंसखटाल बस्ती में नाली एवं रोड का मरग्मत एवं निर्माण कार्य (मरम्मत्त एवं संधारण मद, द्वितीय निविदा) | 3,95,000/- | 3,950/- |
| 3. | वार्ड क्र. 13 अंतर्गत सामुदायिक मंच महावीर चौक के पास अतिरिक्त सुविधा का प्रदाय कार्य (भाग-अ) (पार्षद मद 2023-24, द्वितीय निविदा) | 4,70,000/- | 4,700/- |
| 4. | खेलो इंडिया फुटबाल लघु केन्द्र प्रियदर्शिनीय इंदिरा स्टेडियम कोरबा में मैदान समतलीकरण कार्य (निक्षेप कार्य,द्वितीय निविदा) | 1,30,000/- | 1,300/- |
| 5. | टी.पी. नगर जोन में 06 सामुदायिक शौचालय (नया बस स्टैण्ड, पार्किंग 1, पार्किंग 3. स्टेडियम, पम्प हाउस, अप्पू गार्डन की अस्थायी मरम्मत कार्य (मरम्मत एवं संधारण मद, द्वितीय निविदा) | 3,93,000/- | 3,950/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www. korba-municipal.in एवं www. uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**


## मेरठ में अपहृत बालक बरामद

**सक्ती।** डोमाडीह हसौद निवासी जगदीश केवट के द्वारा थाना हसौद में सूचना दी गयी कि उसका 16 वर्षीय छोटा बेटा अपने बड़े भाई जयश्री केंवट के साथ दिनांक 15/09/24 को उत्कल एक्सप्रेस से हरिद्वार जा रहे थे । रास्ते में मेरठ से चार अज्ञात व्यक्ति ट्रेन में चढ़े थे जो सकौती स्टेशन में गाड़ी धीमे होने से सूचक के नाबालिग छोटे बेटे को ज़बरदस्ती ट्रेन से उतारकर अपहरण कर अपने साथ ले गये।

मामले में बड़े बेटे जयसिंग केवट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था , जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज संजीव शुक्ला के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा जयश्री केवट के दूरभाष पर संपर्क कर स्वयं मामले का विवरण जाना, अब तक मेरठ में FIR ना होने बताये जाने पर, स्वासंग्यान लेते हुए त्वरित कार्यवाही कर तत्काल टीम गठित कर परिजनों के साथ मेरठ उत्तर प्रदेश रवाना किया गया , साथ ही घटना स्थल मेरठ क्षेत्र का होने पर भी गुम बालक के परिजनों को स्वयं थाना बुला कर धारा 137(2),3(5) भारतीय न्याय सहिता में zero फिर / शून्य पे FIR कर पुलिस अधीक्षक द्वारा GRP Up के प्रभारी से दूरभाष के माध्यम से बात कर, zero fir जी आर पी ग़ाज़ियाबाद के मेल आईडी पे भेजा गया। जिस पर संज्ञान लेते हुए उनके द्वारा जीरो FIR पर से अपराध पंक्तिबद्ध किया गया।



पुलिस अधीक्षक सक्ति गुम बालक को ढूँढने हेतु निरंतर sp मेरठ के संपर्क में रहे जिन्होंने पूरा सहयोग किया। सक्ति पुलिस की टीम घटना स्थल पहुँच कर मेरठ सिटी जीआरपी तथा स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा अपहृत तथा आरोपियों की पता साज़ी के लिए योजना बनायी गई ।

पतासाज़ी के क्रम में घटना स्थल के आस पास के लगभग 100 किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया , और घटना का प्रत्यक्षदर्शी जय श्री केवट को स्टेशन में आरोपियों, संदेहियों की पहचान हेतु सिविल ड्रेस में पुलिस टीम के साथ में रखा गया , जिसके द्वारा घटना में शामिल एक आरोपी रोहित सिंह की पहचान कर ली गई ,जिसको तत्काल घेरा बंदी कर पकड़ा गया ,अन्य आरोपी अंधेरे का फ़ायदा उठा कर भाग निकले।

पकड़े गये आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर अन्य आरोपी गौरव सिंह ,सिद्धार्थ चौधरी एवं शिवम राणा को पृथक से घेरा बंदी करके पकड़ा गया तथा आरोपियों की निशान देही पर गौराला थाना पुलिस की मदद से ग्राम खेड़ीटप्पा मे आरोपी राहुल उर्फ मोनू के घर से अपहृत बालक को दिनांक-25/9/24 को बरामद कर लिया गया है।

मामले में जीआरपी मेरठ सिटी में अपराध क्रमांक 48/24 दर्ज कर धारा-137 (2),3 (5),111,140 (4),145,146 BNS के तहत आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**इस कार्यवाही में संयुक्त टीम**

सक्ति पुलिस जिसमें ASI सुकुल सिंह, प्रधान आरक्षक संजय शर्मा आरक्षक लक्ष्मी नारायण पटेल थाना हसौद टीम के सभी सदस्यों उनकी मेहनत, लगन और कर्तव्य निष्ठा के लिए सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा थाना गौराला पुलिस व मेरठ की स्थानीय पुलिस की भूमिका सराहनीय रही ।

## अनमोल वचन......

**जिंदगी एक खूबसूरत सफर है, हर दिन को एक नये अध्याय के रूप में जियें।**

# फैक्ट चेक यूनिट मौलिक अधिकारों का हनन

आज के दौर में न्यायपालिका की ओर से ऐसा दो टूक और साहसी हस्तक्षेप कभी-कभार ही होता है। इसके बीच फैक्ट चेक यूनिट खारिज करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के ताजा फैसले को एक चमकती हुई मिसाल के रूप में देखा जाएगा। सरकार की एजेंसी खबरों के फैक्ट चेक करे, यह सोच ही अतार्किक है। स्वाभाविक है कि ऐसी एजेंसी बनाने की सरकार की पहल को लेकर समाज में आरंभ से ही व्यग्रता देखी गई। यह आम समझ थी कि इस पहल के पीछे मंशा ऐसे तथ्यों को मीडिया से बाहर करना है, जो सरकार को असहज करने वाले हो सकते हैं। वर्तमान सरकार के दौर में फेक न्यूज और फैक्ट चेक विवादास्पद मुद्दे रहे हैं। ऐसे विवादों के क्रम में सरकार के अपने नजरिए को अक्सर एकतरफा माना गया है। इसीलिए फैक्ट चेकर यूनिट बनाने की उसकी पहल को दुर्भावनापूर्ण भी समझा गया था। अब इन सभी आशंकाओं की बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुष्टि कर दी है। उसने नए सूचना तकनीक कानून में संबंधित संशोधन को खारिज कर दिया है। सरकार के खिलाफ कथित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को रोकने के लिए बनाई गई तथ्य-जांच इकाइयों को अदालत ने असंवैधानिक घोषित कर दिया है। अदालत ने यह उचित टिप्पणी की कि फैक्ट चेक यूनिट नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। आज के दौर में न्यायपालिका की ओर से ऐसा दो टूक और साहसी हस्तक्षेप कभी-कभार ही होता है। इसके बीच बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को एक चमकती हुई मिसाल के रूप में देखा जाएगा। फैक्ट चेक यूनिट बनाने की पहल को कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट और डिजिटल एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स ने कोर्ट में चुनौती दी थी। पहले हाई कोर्ट की दो जजों वाली बेंच में जस्टिस गौतम पटेल और जस्टिस नीला के. गोखले ने अलग-अलग फैसला सुनाया।

इसके बाद इस मामले को तीसरे यानी टाई ब्रेकर जज के पास भेजा गया था। तीसरे जज जस्टिस अतुल एस. चंदूरकर ने अपने निर्णय में सरकारी संशोधन को असंवैधानिक करार दिया। कहा कि यह संशोधन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19 का उल्लंघन है। इस निर्णय से मीडियाकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिली है। फैक्ट चेक यूनिट सक्रिय हो जातीं, तो आशंका थी कि हर वैसी खबर कार्रवाई के दायरे में आ जाएगी, जिसमें सरकारी नैरेटिव हट कर अलग कहानी बताई गई हो।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन कर पाएंगे, आप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एवं ईर्ष्या करने वालों के दाँत खट्टे होंगे। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष राशिः** आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। फैमिली का माहौल अगर खराब है तो अपनी समझदारी से और हंसमुख स्वभाव से परिवार का माहौल शांत रखने की कोशिश करेंगे। किसी सोंचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा। आपका दांपत्य जीवन सौहार्द्र से भरा रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के नवविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन-मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। बात करे सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा। किसी भी काम को करने में मन अधिक लगेगा। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। आज आपको आय के कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन के अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे, आपका एक छोटा-सा प्रयास घरेलू जीवन अच्छा हो सकता है इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज आपको ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे। कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी। परिवार में सम्पन्नता रहेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से खुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी करमचारियों को पदोन्नति हासिल होगी। पारिवारिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। संतान से सुख मिलेगा। समाज में लोगों से अच्छा तालमेल बनेगा। अधूरे व साहसिक कार्य के पूरा होने के योग बन रहे हैं। अधिक भरोसा करके किसी से अपनी बातें शेयर न करें।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। छात्रों को लापरवाही करने से बचना चाहिए, मेहनत जारी रखें। आज अधिक खर्च करने से बचें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रूका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है । आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें । आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा।

# दिल्ली की सत्ता में लौटने की जुगत

//अनिल चतुर्वेदी//

**तकरीबन ढाई दशक बाद दिल्ली की सत्ता में वापिसी के लिए भाजपा फिर एक प्रयोग करने की तैयारी में हैं। और यह प्रयोग होगा पढ़ी लिखी महिलाओं को राजनीति में बढ़ाने का। 26 साल पहले भी भाजपा ने विधानसभा चुनावों से दो महीने पहले सुषमा स्वाराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया था पर भाजपा तब इस खेल में फेल हो गई थी। अब जब दिल्ली में आप पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफ़ा देने के बाद दिल्ली सरकार में ही मंत्री आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया है तो भाजपा को फिर सुध आई है। तभी 2025 में होने जा रहे दिल्ली विधानसभा के चुनावों में फ़तेह की उम्मीद और मुख्यमंत्री को लेकर भाजपा पढ़ी लिखी महिलाओं का जो नरेटिव आप पार्टी ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर बनाया है उसी को भाजपा अपनाने की तैयारी में बताई जा रही है।**

हाँ यह अलग बात है कि भाजपा बांसुरी के साथ-साथ लोकसभा हारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहीं स्मृति ईरानी को भी सीएम पद के लिए आगे बढ़ाने की कोशिश में बताई जा रही। भाजपा को लगता है कि चुनाव में ग्लैमर का तड़का भी कहीं न कहीं उसे फ़ायदा पहुँचा सकता है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली में पूसा रोड स्थित स्प्रिंगडेल्स स्कूल से स्कूली शिक्षा लेने के बाद स्टीफ़न्स कालेज में पढीं और फिर आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा लेने के बाद राजनीति में आईं।

कुछ इसी तरह भाजपा की टिकट पर इस बार नई दिल्ली से सांसद बनी बांसुरी स्वराज भी रहीं हैं। बांसुरी स्वराज ने भी आक्सफोर्ड से कानून की पढ़ाई कर हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में वकालत की और फिर राजनीति में आईं है। और पहली बार में नई दिल्ली से लोकसभा जीत सांसद बनी है। अब भला कोई यह कहे कि युवा और विदेश से पढ़ाई के बाद महिला मुख्यमंत्री का आप का नरेटिव समझने के बाद भाजपा भी यह करती दिख रही है तो आश्चर्य भी कैसा। या यूँ कहिए कि दोनों महिलाएँ,युवा ,विदेश में पढ़ी, उम्र भी क़रीब एक समान ही है और राजनीति में हाथ अजमा रही हैं। हाँ यह अलग बात है कि आतिशी का मक़सद आगे अरविंद केजरीवाल को फिर मुख्यमंत्री बनाने में माहौल तैयार करने की भी ज़िम्मेवारी बताई जा रही है। पर बांसुरी के साथ शायद ऐसा नहीं । उनकी पार्टी भाजपा तो केवल इस नरेटिव को अजमाकर दिल्ली की सत्ता में लौटने की जुगत में है।और साथ ही वे पार्टी के लिए महिलाओं के बीच वोटों के लिए ज़मीन तैयार कर सकेंगी।

पर सवाल तो यह भी है कि जिन तीन पूर्व सांसदों को पार्टी विधानसभा चुनावों में उतारने की तैयारी में और उनसे आसपास की विधानसभाओं में वोटों पर असर पडने की उम्मीद है या यह कि वोटों की ख़ातिर तीनों सांसद पार्टी से सीएम पद की माँग उठाकर वोटों पर असर डाल सकेंगे आखरि़ उनके साथ पार्टी क्या खेला करना चाहती है।

सोचिए दस साल सांसद रहने के बाद विधायक बन भी गए तो क्या कहेंगे लोगबाग और कैसा महसूस करते रहेंगे ये तीनों नेता। लेकिन पार्टी का आदेश सिरमौर, सो पूर्व सांसद रमेश विधूडी, प्रवेश वर्मा और मीनाक्षी लेखी के अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में मैदान में उतारे जाने की संभावना है। चर्चा है कि पार्टी ने इन तीनों को इशारा कर दिया है। चर्चा तो यह भी है कि टिकट दिए जाने पहले इन तीनों पूर्व सांसदों की जीत हार की संभावनाओं को सर्वे करा कर टटोला जाएगा। हालाँकि पार्टी ने अपने सभी छ्ह पूर्व सांसदों से विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने और समय समय पर पार्टी आलाकमान को रिपोर्ट देने को कहा है। पूर्व सांसदों की टिकट फिसड्डी होने के चलते कटी या फिर पार्टी की दिल्ली फ़तह की मंशा के चलते यह बात अलग है पर भाजपा को भरोसा है कि ये तीनों पूर्व सांसद विधानसभा चुनावों में अपने लोकसभा के तहत आने वाली पाँच विधानसभा क्षेत्रों में असर डाल सकेंगे। इसके साथ ही मौजूदा सांसदों को भी कहा गया है कि अपने संसदीय क्षेत्र में में भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की नैतिक ज़िम्मेदारी लें।

अब भला भाजपा के ही लोग यह कहें कि चुनाव लड़ाए जाने वाले पूर्व सांसदों का मनोबल बनाए रखने के लिए पार्टी उन्हें सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री बनाए जाने वाला ताक़त का केप्सूल भी देगी तो आश्चर्य भी कैसा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने और कांग्रेस व आप के वोटों के बंट जाने से भाजपा को दिल्ली में वापिसी की उम्मीद दिख रही है। और तभी वह फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रही है। अब भाजपा अपनी रणनीति से दिल्ली में जीत हासिल कर पाती हैं या नहीं यह इंतज़ार की बात है पर भाजपाईयों को केजरीवाल एंड पार्टी को इतने हल्के में लेना भी एक भूल ही साबित होना है। भले कांग्रेस के साथ उसका गठबंधन हो या नहीं। तभी दिल्ली की राजनीति को लेकर यह कहा भी जाने लगा है कि आप पार्टी जहां अपना राजनीतिक काम ख़त्म करती है भाजपा और कांग्रेस वहाँ से शुरू करते हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा क्या करिश्मा दिखाते हैं यह बाद की बात है पर टिकट बँटवारे तक तो हुड्डा की ही चली। या यूं कहिए कि 90 सीटों वाली विधानसभा के लिए 72 फीसद टिकट हुड्डा की मर्ज़ी से दिए गए। कहा जा रहा है कि आब्जर्बर और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की देखरेख में दावेदारों को लेकर पार्टी का सर्वे कराया गया और जीतने वाले दावेदारों को ही हुड्डा ने टिकट दी है।सांसद कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित केंद्रीय नेतृत्व को बाक़ी टिकटों पर ही सब्र करना पड़ा। अब ऐसा क्यों और कैसे पार्टी ने किया यह तो रही हुड्डा पर भरोसे की बात लेकिन जो ख़ास रहा वह यह कि राहुल गांधी इस पूरे एपीसोड पर फिलाहल ख़ामोश बताए जा रहे हैं। भले हुड्डा ने टिकट बँटवारे के पहले ही पार्टी में यह साफ़ कर दिया हो कि पिछली बार की तरह इस बार कोई संशय नहीं रहना चाहिए। पर राहुल गांधी की चुप्पी का कुछ मतलब भी हो सकता है। पार्टी हलकों में तो यह भी सवाल गउठ रहा है कि रणदीप सिंह सुरजेवाला और कुमारी शैलजा का यह कह देना कि मुख्यमंत्री बनने के लिए पहले से विधायकों की संख्या बल होना ज़रूरी नहीं ,कोई संकेत तो दे ही रहा है और यह तब जबकि राहुल गांधी ने अभी तक हुड्डा के नाम पर हाँ ही नहीं की है। अब भले ऐसा इसलिए कहा जा रहा हो कि हुड्डा खे़मे में ही हुड्डा को लेकर फिलाहल सहमति नहीं है। या फिर हुड्डा खे़मे से ही उनके बेटे सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाने की बात चल रही है लेकिन यह ज़रूर है कि जितने दम से हुड्डा ने टिकट बाँटे हैं उतने दम से समर्थक हुड्डा को लेकर सीएम की बात नहीं कर रहे।और ऐसा कोई पहलीबार नहीं होगा। 2005 में जब हुड्डा को हरियाणा का सीएम बनाया गया था तब भजनलाल के दम पर चुनाव लड़ा गया था। और भजनलाल बहुमत हासिल कराने के बाद भी सीएम नहीं बन पाए थे।

# कठमुल्लों की तानाशाही से अमनपसंद आवाम परेशान

//विनीत नारायण//

**तालिबान द्वारा यह नया प्रतिबंध महिलाओं को सार्वजनिक रूप से गाने, कविता पढने़ या ज़ोर से पढने़ से भी रोकता है क्योंकि उनकी आवाज़ को शरीर का अंतरंग' हिस्सा माना जाता है। अगस्त के अंत में लागू किया जाने वाला यह तालिबानी आदेश स्वतंत्रता पर कई प्रहारों में से एक है। महिलाओं को अब प्रलोभन' से बचने के लिए अपने पूरे शरीर को हर समय ऐसे कपड़ों से ढकना चाहिए जो पतले, छोटे या तंग न हों, जिसमें उनके चेहरे को ढकना भी शामिल है।**

पिछले कुछ वर्षों से यूरोप की स्थानीय आबादी और बाहर से वहाँ आकर बसे मुसलमानों के बीच नस्लीय संघर्ष तेज हो गए हैं। ये संघर्ष अब खूनी और विध्वंसकारी भी होने लगे हैं। कई देश अब मुसलमानों पर सख्त़ पाबन्दियाँ लगा रहे हैं। उन्हें देश से निकालने की माँग उठ रही है। आतंकवादियों की शरणस्थली बनी उनकी मस्जिदें बुलडोज़र से ढहायी जा रही हैं। उनके दाढ़ी रखने और बुर्का पहनने पर पाबन्दियाँ लगाई जा रही हैं। ये इसलिए हो रहा है क्योंकि मुसलमान जहां जाकर बसते हैं वहाँ शरीयत का अपना क़ानून चलाना चाहते हैं। वो भी ज्यों का त्यों नहीं। वे वहाँ स्थानीय संस्कृति व धर्म का विरोध करते हैं। अपनी अलग पहचान बना कर रहते हैं। स्थानीय संस्कृति में घुलते मिलते नहीं है। हालाँकि सब मुसलमान एक जैसे नहीं होते। पर जो अतिवादी होते हैं उनका प्रभाव अधिकतर मुसलमानों पर पड़ता है। जिससे हर मुसलमान के प्रति नफ़रत पैदा होने लगती है।ये बात दूसरी है कि इंग्लैंड, फ्ऱांस, हॉलैंड, पुर्तगाल जैसे जिन देशों में मुसलमानों के ख़िलाफ़ माहौल बना है। ये वो देश हैं जिन्होंने पिछली सदी तक अधिकतर दुनिया को ग़ुलाम बनाकर रखा और उन पर अपनी संस्कृति और धर्म थोपा था। पर आज अपने किए वो घोर पाप उन्हें याद नहीं रहे। पर इसका मतलब ये नहीं कि अब मुसलमान भी वही करें जो उनके पूर्वजों के साथ अंग्रेजों, पुर्तगालियों, फ्ऱांसीसियों, डच ने किया था। क्योंकि आज के संदर्भ में मुसलमानों का आचरण अनेक देशों में वाक़ई चिंता का कारण बन चुका है। उनकी आक्रमकता और पुरातन धर्मांध सोच आधुनिक जीवन के बिलकुल विपरीत है। इसलिए समस्या और भी जटिल होती जा रही है।ऐसा नहीं है कि उनके ऐसे कट्टरपंथी आचरण का विरोध उनके विरुद्ध खड़े देशों में ही हो रहा है। खुद मुस्लिम देशों में भी उनके कठमुल्लों की तानाशाही से अमनपसंद आवाम परेशान है। अफग़ानिस्तान की महिलाओं को लें। उन पर लगीं कठोर पाबंदियों ने इन महिलाओं को मानसिक रूप से कुंठित कर दिया है। वे लगातार मनोरोगों का शिकार हो रही हैं। जब तालिबान ने पिछले महीने सार्वजनिक रूप से महिलाओं की आवाज़ पर अनिवार्य रूप से प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पेश किया, तो दुनिया हैरान रह गई।

लेकिन जो लोग अफगानिस्तान के शासन के अधीन रहते हैं, उन्हें इस घोषणा से कोई आश्चर्य नहीं हुआ। एक अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी से बात करते हुए वहाँ रहने वाले एक महिला बताया कि, ÷हर दिन हम एक नए कानून की उम्मीद करते हैं। दुर्भाग्यवश, हर दिन हम महिलाओं के लिए एक नई, पाबंदी की उम्मीद करते हैं। हर दिन हम उम्मीद खो रहे हैं।÷

इस महिला के लिए इस तरह की कार्रवाई अपरिहार्य थी। लेकिन उसके लिए व उसके जैसी अनेक महिलाओं के लिए ऐसे फ़ैसलों के लिए मानसिक रूप से तैयार होने से उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पडने़ वाला हानिकारक प्रभाव कम नहीं हुआ। तालिबान द्वारा यह नया प्रतिबंध महिलाओं को सार्वजनिक रूप से गाने, कविता पढने़ या ज़ोर से पढने़ से भी रोकता है क्योंकि उनकी आवाज़ को शरीर का अंतरंग' हिस्सा माना जाता है। अगस्त के अंत में लागू किया जाने वाला यह तालिबानी आदेश स्वतंत्रता पर कई प्रहारों में से एक है।महिलाओं को अब प्रलोभन' से बचने के लिए अपने पूरे शरीर को हर समय ऐसे कपड़ों से ढकना चाहिए जो पतले, छोटे या तंग न हों, जिसमें उनके चेहरे को ढकना भी शामिल है। जीवित प्राणियों की तस्वीरें प्रकाशित करना और कंप्यूटर या फोन पर उनकी तस्वीरें या वीडियो देखना भी प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे अफगानिस्तान के मीडिया आउटलेट्स का भाग्य गंभीर खतरे में पड़ गया है। महिलाओं की आवाज़ रिकॉर्ड करना और फिर उन्हें निजी घरों के बाहर प्रसारित करना भी प्रतिबंधित है। इसका मतलब है कि जिन महिलाओं ने अपने इंटरव्यू रिकॉर्ड किए या वॉयस नोट्स के माध्यम से किसी न्यूज़ एजेंसी के साथ बात करना चुना, तो ऐसा उन्होंने काफ़ी बड़ा जोखिम उठा कर किया। लेकिन कड़ी सज़ा की संभावना के बावजूद उन्होंने कहा कि वे चुप रहने को तैयार नहीं हैं। इस एजेंसी को दिए गए इंटरव्यू के माध्यम से वे चाहते हैं कि दुनिया अफगानिस्तान में महिला के रूप में जीवन की क्रुर, अंधकारमय सच्चाई को जाने। इस इंटरव्यू में अधिकतर महिलाओं ने अमानवीय सज़ा के डर से अपना नाम न देने की इच्छा ज़ाहिर की। परंतु काबुल की सोदाबा नूरई एक अनोखी महिला थीं उन्होंने सज़ा से बिना डरे अपना नाम लेने की इच्छा की। न्यूज़ एजेंसी को भेजे एक वॉइस मेसेज में उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए सार्वजनिक रूप से बोलने पर प्रतिबंध के बावजूद मैंने आपसे बात करने का फैसला किया क्योंकि मेरा मानना है कि हमारी कहानियों को साझा करना और हमारे संघर्षों के बारे में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है।

खुद पहचान ज़ाहिर करना एक बहुत बड़ा जोखिम है, लेकिन मैं इसे लेने को तैयार हूं क्योंकि चुप्पी केवल हमारी पीड़ा को जारी रखने की अनुमति ही देगी। यह नया कानून बेहद चिंताजनक है और इसने महिलाओं के लिए भय और उत्पीडऩ का माहौल पैदा कर दिया है। यह हमारी स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करता है और यह शिक्षा, कार्य और बुनियादी स्वायत्तता के हमारे अधिकारों को कमजोर करता है। उल्लेखनीय है कि सोदाबा नूरई को अपनी नौकरी से अगस्त 2021 में हाथ धोना पड़ा। क्योंकि तब वहाँ तालिबान का राज पुनः स्थापित हुआ और शरीयत क़ानून के मुताबिक़ महिलाओं पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिये गये। अब उसे सरकार से प्रति माह 107 डॉलर के बराबर राशि मिलती है, जिसे वह महिलाओं की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त मानती हैं।ये महिलाएँ चाहती हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तत्काल एक मजबूत, समन्वित और प्रभावी रणनीति विकसित और लागू करनी चाहिए जो तालिबान पर इन बदलावों को लाने के लिए दबाव डाले। इस तालिबानी आदेश से यह दिखाई देता है कि तालिबान द्वारा किसी एक अधिकार का उल्लंघन अन्य अधिकारों के प्रयोग पर किस तरह से घातक प्रभाव डाल सकता है।कुल मिलाकर, तालिबान की नीतियाँ दमन की एक ऐसी प्रणाली बनाती हैं जो अफग़ानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के साथ उनके जीवन के लगभग हर पहलू में भेदभाव करती है। इसलिए ऐसे दमनकारी आदेशों के ख़िलाफ़ पूरे विश्व को एक होने की आवश्यकता है।

## विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भोपाल जिले के पर्यटन स्थलों पर एक नजर

भोपाल जिसे झीलों का शहर भी कहा जाता है, मध्यप्रदेश की राजधानी है और अपने प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, आइए भोपाल जिले एवं इसके आस-पास के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर एक नजर डालें, जो न केवल स्थानीय, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं।भोपाल का बड़ा तालाब देश के सबसे पुराने मानव निर्मित झीलों में से एक है, जिसे राजा भोज के द्वारा निर्मित कराया गया था। यह शहर का प्रमुख आकर्षण है और यहाँ पर्यटक बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स का आनंद ले सकते हैं। झील के किनारे स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भी देखने लायक है। यह झील शाम के समय सूर्यास्त के अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करती है, जिससे यह जगह और भी मनमोहक लगती है।भोपाल के पास स्थित भीमबेटका शैलाश्रय एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, जो प्राचीन मानव सभ्यता के इतिहास को दर्शाता है। यहाँ की शैलचित्र विश्व की सबसे प्राचीन चित्रकला में गिने जाते हैं और यह पर्यटकों के लिए एक अद्भुत स्थल है, जो उन्हें पाषाण युग में ले जाता है। ये गुफाएँ मानव सभ्यता के प्रारंभिक दौर की कहानी कहती हैं और इसमें मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का चित्रण है।हालांकि सांची भोपाल से थोड़ी दूरी पर स्थित है, लेकिन इसे भोपाल पर्यटन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण स्थल माना जाता है। सांची के स्तूप बौद्ध स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण हैं और यह गौतम बुद्ध के जीवन से संबंधित प्रमुख घटनाओं को चित्रित करता है। यहाँ पर स्थित स्तूप और अन्य संरचनाएँ बौद्ध धर्म के अनुयायियों और इतिहास प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। भोपाल के सांस्कृतिक और कला प्रेमियों के लिए भारत भवन एक प्रमुख स्थल है। यहाँ पर विभिन्न कला प्रदर्शनियाँ, थिएटर, संगीत कार्यक्रम और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

## तस्वीरों की दुनिया




दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मेयर शेली ओबेरॉय ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बेंगलुरु स्थित तेजस नेटवर्क कार्यालय में तेजस नेटवर्क के स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए विशाल एमआईएमओ रेडियो का उद्घाटन किया।



केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने ताशकंद में भारत के दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।



केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड में परिवर्तन सभा के दौरान लोगों से आशीर्वाद मांगते हुए।



कानपुर में बांग्लादेश और भारत के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान ग्रीन पार्क स्टेडियम में दर्शकों द्वारा कथित तौर पर पीटे जाने और परेशान किए जाने के बाद एक बांग्लादेशी प्रशंसक टाइगर रॉबी को स्थानीय पुलिस द्वारा सहायता प्रदान की गई। प्रशंसक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# पहाड़ी राज्यों से मैदानी इलाकों तक बारिश का दौर जारी, हिमाचल और कश्मीर में बर्फबारी

**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



उत्तर भारत के पहाड़ों से लेकर पूर्वी भारत तक तेज वर्षा का दौर अब भी जारी है। इससे लोगों की परेशानियां बढ़ी हुई हैं। वहीं, अब हिमाचल और जम्मू कश्मीर के उच्च क्षेत्रों में हिमपात भी शुरू हो गया है। इससे बढ़ी गर्मी से राहत मिलने लगी है। हिमाचल में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

शुक्रवार को हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में कहीं वर्षा तो कहीं हिमपात हुआ। हिमाचल में अधिकतर स्थानों पर बादल छाए रहे। उत्तराखंड में भी पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई जिलों में तेज वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इसी तरह बिहार के भी 10 से ज्यादा जिलों के लिए अगले 24 घंटे के भीतर फ्लैश फ्लड का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में शुक्रवार को कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर व शिमला में वर्षा हुई तो रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा में हिमपात हुआ है। वर्षा और हिमपात के कारण अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम में यह बदलाव और वर्षा धान की फसल के लिए ठीक नहीं है। वहीं, बुधवार और गुरुवार को हुई वर्षा के कारण प्रदेश में 33 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। आठ ट्रांसफार्मर खराब हैं, जिस कारण कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित है।कश्मीर में पिछले कई दिनों से तापमान के सामान्य से ऊपर बने रहने से गर्मी की चपेट में आई घाटी में शुक्रवार को मौसम ने करवट बदली। पर्यटनस्थल गुलमर्ग के अफरवट, गुरेज, राजदान टाप, सिंथन टाप और अन्य उच्च पर्वतीय इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी और श्रीनगर समेत निचले इलाकों में तेज वर्षा हुई।

जम्मू संभाग में सुबह तेज वर्षा से तापमान में गिरावट आई है। कुछ जगहों पर सुबह आंधी और तेज वर्षा से धान की फसल को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार 28 सितंबर से मौसम में सुधार आना शुरू हो जाएगा। पांच अक्टूबर तक मौसम शुष्क बना रहेगा। हालांकि शनिवार को कुछेक उच्च पर्वतीय इलाकों में हल्की वर्षा हो सकती है। उत्तराखंड में शुक्रवार को भी पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा का क्रम जारी रहा। बीते दो दिनों में राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में रुक-रुककर वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, शनिवार को पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में गरज-चमक के साथ तीव्र वर्षा के दौर हो सकते हैं। इन जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसी के साथ तीन अक्टूबर तक मानसून उत्तराखंड से विदा हो सकता है। बिहार में बागमती खतरे के निशान के पार बह रही है तो कोसी व गंडक भी उफान पर हैं। बिहार में अगले 24 घंटे के भीतर पटना सहित 13 जिलों में फ्लैश फ्लड (आकस्मिक बाढ़) का अलर्ट जारी किया गया है। जिन जिलों मे फ्लैश फ्लड का अलर्ट है उनके जिलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन विभाग ने चेतावनी भेजी है। वहीं, पांच जिलों में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी दी गई है। पूरे विश्व में मशहूर पर्यटन स्थल बंगाल के दार्जिलिंग की सूरत इन दिनों भारी वर्षा से बिगड़ गई है। इससे न केवल पर्वतीय क्षेत्र में आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है बल्कि देश-दुनियां से पर्यटकों के आने पर भी ब्रेक लग गया है। शनिवार को भी राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार तक पहाड़ और मैदानी इलाकों में तेज वर्षा की चेतावनी दी गई है। वहीं, लगातार चार दिनों की वर्षा और भूस्खलन के कारण लोग परेशान हैं।

## दिल्ली की हवा में जहर, सुप्रीमकोर्ट ने कहा इमरजेंसी जैसे हो गए हालात

### पराली जलाने वालों पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई

**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण की वजह से इमरजेंसी जैसे हालात बने हुए हैं। कोर्ट ने सीएक्यूएम से पूछा कि पराली जलाने में क्या कोई कमी आई है। आप पराली जलाने के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। लगातार बैठकें क्यों नहीं हो रहीं। एससी ने कहा कि क्या सीएक्यूएम अधिनियम की धारा 14 के तहत कोई कार्रवाई की गई है। हमें ऐसा नहीं लगता। सब कुछ कागज पर है और आप मूक दर्शक हैं। यदि आप यह संदेश नहीं देते हैं कि कानून का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, तो ये प्रावधान केवल कागज पर ही रह जाएंगे। आप ये बताइए कि दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार हुआ है या नहीं। पिछली सुनवाई के दौरान 27 अगस्त को शीर्ष अदालत ने कर्मचारियों की कमी के कारण दिल्ली और एनसीआर के राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को 'अप्रभावी' करार दिया था और राष्ट्रीय राजधानी एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए जिम्मेदार निकाय से यह बताने के लिए कहा था कि वह प्रदूषण एवं पराली जलाये जाने की स्थिति से निपटने के लिए क्या उपाय कर रहा है। इसने पांच एनसीआर राज्यों को संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रिक्त पदों को 30 अप्रैल, 2025 से पहले भरने का निर्देश दिया था।इस मामले को लेकर सीएक्यूएम ने जवाब देते हुए कहा कि 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियां बंद हुई है। सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने समिति बनाने के बाद 82 कानूनी आदेश और 15 सुझाव जारी किए हैं। उनकी टीम ने 19,000 जगहों का निरीक्षण किया है और 10,000 से ज्यादा फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया है।

## विदेशों में बढ़ रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की मांग, चिली-कनाडा समेत कई देशों ने दिखाई रुचि



**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की मांग विदेश में भी बढ़ती जा रही है। चिली, कनाडा, मलेशिया जैसे देशों ने भारत से वंदे भारत ट्रेनों के आयात में रुचि दिखाई है। सूत्रों का कहना है कि बाहरी खरीदार वंदे भारत की ओर क्यों आकर्षित हो रहे हैं, इसके कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि इसकी लागत प्रमुख कारकों में से एक है। दूसरे देशों में निर्मित ऐसी ट्रेनों की कीमत 160-180 करोड़ रुपये के आसपास है, जबकि वंदे भारत ट्रेन हमारे यहां 120-130 करोड़ रुपये तक में आ जाती है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की गति भी इसे बेहद आकर्षक बनाती है।सूत्रों ने बताया कि वंदे भारत को 0 से 100 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने में सिर्फ 52 सेकेंड लगते हैं। यह आंकड़ा जापान की बुलेट ट्रेन से भी बेहतर है, जिसे 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में 54 सेकेंड का समय लगता है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का डिजाइन लोगों को काफी पसंद आता है। यह वाकई खूबसूरत है।

खास बात यह है कि इसमें विमान की तुलना में 100 गुना कम शोर का अनुभव होता है और इसकी ऊर्जा खपत बहुत कम है। वंदे भारत ट्रेनों को बढ़ाने की दिशा में कामदूसरी ओर, भारतीय रेलवे तेजी से अपने ट्रैक नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। साथ ही, पर्याप्त संख्या में वंदे भारत ट्रेनों को बढ़ाने की दिशा में काम जारी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बीते 10 बरसों में 31,000 किलोमीटर से अधिक ट्रैक जोड़े गए हैं। हमारा टारगेट 40,000 किलोमीटर अतिरिक्त ट्रैक जोड़ने का है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बुलेट ट्रेन को लेकर काम पटरी पर है और बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वहीं, सुरक्षा चिंताओं को लेकर वैष्णव ने कहा कि कवच सिस्टम के विस्तार पर काम जारी है। यह लगभग 40000 किलोमीटर नेटवर्क को कवर करेगा और 1,0000 लोकोमोटिव में स्थापित किया जाएगा।

### आरजी कर मामला : सीबीआई को जांच रिपोर्ट में बड़ी खामियां मिलीं

**कोलकाता 28 सितम्बर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले में जांच रिपोर्ट में गंभीर खामियां पाई हैं। सूत्रों ने बताया कि पहली चूक तब पकड़ी गई जब मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट में कहा गया कि उन्हें पीड़िता के शव की जांच के लिए केवल 20 मिनट का समय मिला। यह समय मामले की गंभीरता को देखते हुए असामान्य रूप से कम है।कानूनी शब्दों में, जांच रिपोर्ट एक दस्तावेज है जो पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट द्वारा तब बनाया जाता है जब कोई व्यक्ति अचानक, अनजाने में या हिंसक तरीके से मरता है।

## किसी ने जाने से नहीं रोका, जगन रेड्डी के तिरुपति मंदिर दौरा रद्द करने पर बोले चंद्रबाबू नायडू

**अमरावती, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



तिरुपति मंदिर के लड्डू में मिलावट को लेकर हो रहे विवाद के बीच वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपनी मंदिर की यात्रा रद्द कर दी थी। अब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें किसी ने नहीं रोका है। गौरतलब है कि एनडीए सहयोगियों ने जगन रेड्डी से मंदिर में प्रवेश से पहले अपनी आस्था की घोषणा करने की मांग की थी। वहीं, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जगन ने कहा था कि वह तिरुपति नहीं जा सकते, क्योंकि पुलिस ने उनके पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि वे उनके मंदिर दौरे में शामिल न हों।रेड्डी के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए नायडू ने कहा कि कोई भी व्यक्ति परंपराओं और रीति-रिवाजों से ऊपर नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी ने पूर्व सीएम को मंदिर जाने से नहीं रोका। उनसे सिर्फ मंदिर के नियमों का पालन करने को कहा गया था। इससे पहले जगन रेड्डी के बहुचर्चित तिरुमाला दौरे की घोषणा, वाईएसआरसीपी द्वारा मंदिरों में प्रार्थना करने के आह्वान के तहत की गई थी, ताकि तिरुपति के लड्डू की गुणवत्ता पर टीडीपी सुप्रीमो नायडू के आरोपों के माध्यम से किए गए पाप का प्रायश्चित किया जा सके। जगन के दौरा रद्द करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद नायडू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपील की कि श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में आने वाले हर आगंतुक को नियमों का पालन करना चाहिए और भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने से बचना चाहिए।

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट के पहले दिन मच गया बवाल, कानपुर स्टेडियम में घटी ये बड़ी घटना

**कानपुर, 28 सितम्बर।**

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन खेल के दौरान कथित तौर पर मारपीट और दुर्व्यवहार का शिकार हुए बांग्लादेशी फैन टाइगर रोबी की हालत अब ठीक है और उसे जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस ने दी है। ढाका के एक फैन रॉबी को ग्रीन पार्क स्टेडियम में दर्शकों द्वारा कथित तौर पर पीटा गया और उसके साथ बदसलूकी की गई, जिसके बाद पुलिस उसे अस्पताल ले गई। स्टेडियम में मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोबी को यहां पहुंचने से पहले ही अस्वस्थ महसूस हो रहा था और अनाधिकृत सी-अपर स्टैंड में गर्मी के कारण वह बेहोश हो गया था। इस स्टैंड को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने सुरक्षा चिंताओं के कारण बंद कर दिया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, अब वह ठीक है और हम उसे जांच के लिए अस्पताल ले गए। हालांकि, उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। वह गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण बेहोश हो गया था। यह घटना मैच के पहले सत्र के दौरान हुई जब रोबी को स्टैंड से बांग्लादेशी झंडा लहराते देखा गया। कथित तौर पर इस घटना के कारण कुछ भारतीय दर्शकों के साथ उसका टकराव हुआ। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को संभाला।

हालांकि, रोबी ने बाद में आरोप लगाया कि लंच ब्रेक के दौरान स्थानीय प्रशंसकों के एक समूह ने उनके साथ मारपीट की। दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। बारिश प्रभावित पहले दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए।

## चीनी सीमा पर भारतीय सेना ने बढ़ाई ताकत, तैनात किए आधुनिक हथियार, हाइपरसोनिक मिसाइलें बनाने में जुटा डीआरडीओ

**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**



भारतीय सेना चीन के साथ लगती सीमा पर अपनी तोपखाना इकाइयों की मदद से युद्धक क्षमता बढ़ाने में लगी है। इसके लिए सेना ने 100 के 9 वज्र तोप, ग्रुप ड्रोन और निगरानी प्रणालियों सहित कई हथियार प्रणालियों की खरीद की है। सेना में तोपखाना महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए तोपखाना इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न उपकरण खरीदे जा रहे हैं। 28 सितंबर को तोपखाना रेजिमेंट की 198वीं वर्षगांठ से पहले अदोष कुमार ने कहा कि आज हम जिस रफ्तार से आधुनिकीकरण कर रहे हैं, वैसा पहले कभी नहीं किया था। उत्तरी सीमा पर सेना की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए के9 वज्र, धनुष और शारंग समेत बड़ी संख्या में 155 मिमी गन सिस्टम तैनात किए गए हैं।

सेना ने पहले ही 100 के9 वज्र तोप तैनात कर दिए हैं। वहीं, 100 और तोप खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। अदोष कुमार ने कहा कि के9 वज्र तोपों को मुख्य रूप से रेगिस्तानी इलाके में तैनात करने के लिए खरीदा गया था, लेकिन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के बाद सेना ने इस ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बड़ी संख्या में इन तोपों को तैनात किया है। उन्होंने आगे कहा कि हम अन्य 155 मिमी गन सिस्टम को भी शामिल करने की प्रक्रिया में हैं, जिनमें एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, माउंटेड गन सिस्टम और टोड गन सिस्टम शामिल हैं।

## सूडानी सेना ने खार्तूम में अर्धसैनिक बलों के खिलाफ बड़ा हमला किया शुरू

**खार्तूम ।** सूडान की सेना ने राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक बलों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन शुरू किया है। यह शहर पर नियंत्रण पाने के लिए पिछले कुम महीनों में उसकी सबसे बड़ी कोशिश है। मध्य खार्तूम और उसके पड़ोसी शहरों - ओमदुरमन और बहरी, में भारी लड़ाई की खबर है। सेना ने मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी खार्तूम में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के नियंत्रण वाले कई इलाकों को निशाना बनाया। सेना ने मध्य खार्तूम के रणनीतिक क्षेत्रों पर जमीनी हमला किया, जो प्रमुख स्थानों से मिलिशिया को खदेड़ने के लिए अपनी तरह का सबसे बड़ा और व्यापक हमला था।

## भारत माता की जय के नारे से सिर्फ सद्भाव बढ़ता है, एफआईआर रद्द करते हुए कर्नाटक हाई कोर्ट ने की टिप्पणी

**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**




कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा है कि भारत माता की जय के नारे से सिर्फ सद्भाव बढ़ता है, कभी वैमनस्य नहीं फैलता। कोर्ट ने विभिन्न धर्मों और समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने वाले भाषण या गतिविधि से संबंधित आईपीसी की धारा-153ए के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए इसमें व कुछ और धाराओं में पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी।

कोर्ट ने कहा, ऐसे मामले में जांच जारी रखने की इजाजत का मतलब प्रथम दृष्टया भारत माता की जय के नारे लगाने के मामले में जांच की अनुमति देना होगा। जबकि इस नारे को किसी भी तरह धर्मों और समूहों के बीच वैमनस्यता या शत्रुता बढ़ाने वाला नहीं माना जा सकता। हाई कोर्ट के जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने 20 सितंबर को दिए आदेश में धारा-153ए की व्याख्या वाले सुप्रीम कोर्ट के कई पूर्व फैसलों का हवाला दिया। कहा, मौजूदा मामला इस धारा के दुरुपयोग का अच्छा उदाहरण है। केस रद्द कराने की मांग लेकर हाई कोर्ट पहुंचे पांच याचिकाकर्ताओं का कहना था कि नौ जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ लेने के बाद रात 8.45 से 9.15 के बीच हरीश, नंद कुमार, सुभाष और किशन कुमार समारोह से लौट रहे थे। जब वे दक्षिण कन्नड़ जिले की उल्लाल तालुका में बोलीयार ग्राम के समादान बार पहुंचे तो 25 लोगों ने उन पर हमला कर दिया, कहा- वे भारत माता की जय के नारे कैसे लगा रहे हैं।


उन पर चाकू से भी वार हुआ। उसी रात 11 बजे 23 लोगों के विरुद्ध घटना की एफआईआर दर्ज कराई गई। चोटों के कारण वे लोग अस्पताल गए और पुलिस ने रात 12 बजे वहीं उनका बयान दर्ज किया। अगले दिन सुबह पीके अब्दुल्ला नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा कि याचिकाकर्ता सुरेश, विनय कुमार, सुभाष, रंजन और धनंजय ने उसे धमकी दी और कहा कि वह देश छोड़ दे। पुलिस ने पांचों याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध आईपीसी की धारा 143, 147, 148, 153 ए, 504, 506 और 149 में केस दर्ज कर लिया। शिकायतकर्ता ने स्वयं को मस्जिद का प्रेसीडेंट बताया था। यही केस रद्द कराने याचिकाकर्ता हाई कोर्ट पहुंचे थे। उनके वकील की दलील थी कि वे लोग भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे और प्रधानमंत्री की प्रशंसा कर रहे थे। ये बात कुछ लोगों को बर्दाश्त नहीं हुई। दूसरे दिन एक अन्य व्यक्ति, जो उस घटना में शामिल भी नहीं था, ने उन पर केस दर्ज करा दिया। वहीं, सरकारी वकील ने केस रद्द करने का जोरदार विरोध किया, लेकिन हाई कोर्ट ने केस रद्द करते हुए कहा कि यह मामला काउंटर ब्लास्ट का लगता है। अगर शिकायतकर्ता को धमकी दी गई थी तो उसी रात शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई। जबकि याचिकाकर्ताओं ने उसी रात रिपोर्ट दर्ज कराई थी और शिकायत में मिनट दर मिनट का ब्योरा है।

### आतंकी हवारा ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा तिहाड़ से पंजाब की जेल में शिफ्ट करने की मांग

**नई दिल्ली ।** आतंकवादी जगतार सिंह हवारा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हवारा ने याचिका दायर कर मांग की है कि उन्हें दिल्ली की तिहाड़ जेल से पंजाब शिफ्ट किया जाए। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने हवारा की याचिका पर दिल्ली, पंजाब और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हवारा को 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा मिली हुई है और वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। याचिका में कहा गया है कि वह तिहाड़ जेल में बंद एक सजायाफ्ता कैदी है और उसके खिलाफ दिल्ली में कोई मामला दर्ज नहीं है। याचिकाकर्ता वर्तमान में पंजाब राज्य में दर्ज एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वह पंजाब राज्य, फतेहगढ़ साहिब जिले का निवासी है और उसे पंजाब की जेल में रखा जाना चाहिए।

## कंधार विमान अपहरण पर आई नई किताब, बताया कैसे आतंकी अपने पाकिस्तानी आकाओं से ले रहे थे दिशानिर्देश

**नईदिल्ली, 28 सितम्बर [एजेंसी]।**




करीब 25 साल पहले भारतीय एयरलाइंस के विमान यानी फ्लाइट संख्या आईसी 814 के अपहरण पर एक नई किताब आई है जिसमें सीधे तौर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ का हाथ होने के साक्ष्य दिए गए हैं। अभिनव पांड्या की लिखी किताब इनसाइड द टेरिफाइंग वर्ल्ड आफ जैश-ए-मोहम्मद में बताया गया है कि कंधार हाईजैक के अपहरणकर्ता किस तरह अपना एक-एक कदम अपने पाकिस्तानी आकाओं से पूछ-पूछकर उठा रहे थे। शनिवार को जारी इस किताब में बताया गया है कि भारतीय इतिहास के सबसे लंबे विमान अपहरण के अपहरणकर्ता किस तरह भारतीय अधिकारियों से समझौता वार्ता के दौरान अपने आईएसआई हैंडलरों से दिशा-निर्देश ले रहे थे।

लेखक अभिनव पांड्या ने बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने पूरे पाकिस्तान में भारतीय बंधकों के बदले छोड़े गए खूंखार आतंकी और जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का पूरे पाकिस्तान में विजय जुलूस निकाला था। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व प्रमुख और कंधार जाने वाले भारतीय वार्ताकार दल के एक सदस्य से बातचीत का हवाला देते हुए लेखक ने बताया कि 155 यात्रियों की रिहाई के लिए अपहरणकर्ताओं से जारी बातचीत के दौरान आईएसआई के लोगों को पूरा ब्योरा दे रहे थे और वह लोग भी अपहरणकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए निगरानी कर रहे थे। 1955 बैच के भारतीय कूटनीतिज्ञ विवेक काटजू के अनुसार जब भारतीय वार्ताकारों ने पूछा कि क्या वह भारतीय विमान को अपने कब्जे में ले सकते हैं, तो स्पीकर पर उर्दू में आवाज सुनाई दी कि भारतीयों को विमान सौंपने से पहले अपहरणकर्ता अपना सामान बाहर निकाल लें। जब अहसास हुआ कि इसमें ज्यादा समय लग सकता है, तो भारतीय दल ने इस प्रक्रिया के बगैर ही विमान सौंपने को कहा। इस पर अज्ञात आवाज ने अपहरणकर्ता से भारतीय पक्ष को यह बताने को कहा कि उनके बैग विस्फोटकों से भरे हैं और इसलिए उन्हें बाहर निकालना जरूरी है। जब आतंकी मसूद अजहर, उमर शेख और मुश्ताक जरगर को दिल्ली से कंधार लाया गया तो उन आतंकियों का स्वागत करने के लिए आइएसआई के लोग मौजूद थे। जरगर 12 दिसंबर, 1989 के रुबैया सईद (तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी) के अपहरण में आरोपित था जिसने बाद में पाकिस्तान में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या की थी।

## डप्टी सीएम के रीलबाज बेटे को पुलिस ने किया एस्कॉर्ट, आम नागरिक होता तो जेल पहुँच जाता...सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**जयपुर।** राजस्थान की सड़कों पर न्याय और कानून के दोहरे मापदंड एक बार फिर खुलकर सामने आए। जब डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के बेटे, आशु बैरवा, खुलेआम ट्रैफिक नियमों को तोड़ते हुए जीप में सवारी कर रहे थे, तो उन्हें पुलिस ने न तो रोका बल्कि एस्कॉर्ट कर महफूज रास्ता भी दिया। सोचिए, अगर यही हरकत किसी आम नागरिक ने की होती, तो क्या उसके साथ भी यही बर्ताव होता। या फिर उसके हिस्से में सिर्फ पुलिस की सख्ती, चालान, और शायद जेल का रास्ता होता। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस का यह वीआईपी मोह और शक्तिशाली लोगों के लिए नियमों की अनदेखी साफ दिखती है। क्या पुलिस सिर्फ रसूखदारों के लिए ही वफादारी निभाती है। आम जनता की बिसात क्या सिर्फ चालान और सजा भुगतने तक ही सीमित है। सवाल यह है कि क्या यह खुलेआम सत्ता और शक्ति का नंगा प्रदर्शन नहीं है। क्या राजस्थान की पुलिस का काम सिर्फ सत्ता के प्यादों की सेवा करना रह गया है। आशु बैरवा के साथ मौजूद कार्तिकेय भारद्वाज भी इस मस्ती का हिस्सा था, जो कि एक और कांग्रेस नेता का बेटा है।

आम जनता के लिए जो पुलिस कड़ी होती है, वही नेताओं के बेटों की मौज-मस्ती में खाकी को सड़कों पर घुमाती है। आखिर, कौनसा कानून इन युवाओं को कानून तोड़ने की छूट देता है। इस पूरे मामले पर खुद डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा की प्रतिक्रिया ने मानो आग में घी डालने का काम किया। उन्होंने न केवल इस घटना को सामान्य बताया, बल्कि गर्व के साथ कहा कि उनके बेटे को महंगी गाड़ियों में बैठने का मौका मिला है। क्या यह वही नेता नहीं हैं, जो मंचों पर जनता के लिए कानून और न्याय की दुहाई देते हैं। या फिर उनकी न्याय की परिभाषा सिर्फ उनके परिवार और रसूखदारों तक ही सीमित है। प्रेमचंद बैरवा ने अपने बेटे की उम्र और अनुभव का हवाला देकर इस घटना को दरकिनार करने की कोशिश की, लेकिन सवाल यह है कि क्या कानून और नियम उम्र और रिश्तेदारियों के हिसाब से बदलते हैं।

# कलेक्टर के नाम पर फर्जी एकाउंट से ठगी का प्रयास




**बलरामपुर।** सरगुजा कलेक्टर के बाद साइबर ठगों ने बलरामपुर कलेक्टर रिमीजीयूस एक्का के नाम पर फर्जी व्हाटसअप एकाउंट बनाकर लोगों से ठगी का प्रयास किया।कुछ लोगों तक फर्जी व्हाटसअप एकाउंट से संदेश भी गया। इसकी जानकारी मिलते ही कलेक्टर ने स्वयं आगे आकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की। बलरामपुर कलेक्टर के नाम पर जालसाजों ने जो संदेश भेजा था , वैसा संदेश कभी कलेक्टर नहीं भेजते। इस कारण लोगों को संदेह हुआ और जानकारी कलेक्टर तक पहुंची।

साइबर ठगों ने ऐसी ही कोशिश सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर के नाम से फर्जी व्हाट्सअप एकाउंट बनाकर की थी लेकिन वे सफल नहीं हुए थे। जालसाजों द्वारा साइबर ठगी का नया तरीका निकाला गया है इससे सतर्क रहने की जरूरत है। जिला प्रशासन की ओर से जारी सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि बलरामपुर जिले में एक नया साइबर अपराध सामने आया है, जहां साइबर ठगों द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज कलेक्टर रिमीजीयूस एक्का के नाम पर फर्जी आइडी संदेश भेजा जा रहा है। यह मुख्य रूप से व्हाट्सएप के माध्यम से की जा रही है, जिसमें जालसाजों के द्वारा कलेक्टर के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। कलेक्टर एक्का ने जिले की जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ी से सतर्क रहें और किसी भी अनजान नंबर 998880274701 से आए संदेशों पर भरोसा न करें। बलरामपुर कलेक्टर एक्का ने कहा है कि अगर किसी को भी इस प्रकार की संदिग्ध फेक आइडी से संदेश या कॉल आता है, तो वे तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें ताकि संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

## जलआपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी

**रायपुर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जलशोधन संयंत्र में शिवनाथ नदी से रॉ-वाटर लिया जाता है। रॉ-वाटर पाईन लाईन पटेल चैंक दुर्ग के समीप बीएसएनएल आफिस के सामने लिकेज हो गया है। जिससे पानी का रिसाव हो रहा है। इस लीकेज का संधारण का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण पुरे नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शड डाउन रहेगा। जिसके कारण दिनांक 29 एवं 30 सितम्बर को पानी की सप्लाई नहीं होगी। सभी नागरिको से अपील है कि दो दिवस के लिए पानी अधिकतम स्टोर करके रख लेवें, जिससे घरो में पानी की समस्या न हो। जैसे ही लिकेज संधारण का कार्य पूर्ण होगा, निगम की सभी पानी टंकियां भरना शुरू हो जायेगा। पूर्व की भांति पानी सप्लाई शुरू हो जायेगा, सबसे सहयोग की अपेक्षा है।

# शंकराचार्य की सलाह, विनम्र रहें लेकिन अन्याय सहने की जरूरत नहीं



**अंबिकापुर।** विनम्रता के नाम पर अन्याय सहना सहिष्णुता नहीं होती। हमारा जीवन सिर्फ अपने परिवार तक सीमित न होकर सबके लिए हो। लेकिन जो स्वभाव से दुष्ट हैं उनके विरुद्ध अस्त्र उठाना कोई अपराध नहीं है। देश की सेना, पुलिस लोगों की रक्षा के लिए अस्त्र उठाती है। सनातन का सिद्धांत भी यही कहता है। हम अहिंसा के पक्षधर हैं लेकिन हिंसा करने वालों पर अस्त्र उपयोग को गलत नहीं मानते। यह बातें जगत स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अंबिकापुर प्रवास के दौरान प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में जाति के नाम विद्वेष तेजी से फैल रहा है। जाति व धर्म को मानना जरूरी है लेकिन इसे विकृत नहीं करना चाहिए। आज सनातन व परंपरा को मानने वालों को कुचलने का प्रयास हो रहा है।जगतगुरू ने देश की राजनीति व राजनीतिज्ञों पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि देश में नेताओं का वैचारिक पतन हो रहा है। आज देश की राजनीति बैसाखी पर चल रही है। उनका इशारा केंद्र सरकार की ओर था जो नीतिश व नायडू की बैसाखी के भरोसे संचालित होना बताया। शंकराचार्य ने कहा कि देश की राजनीति काजल की कोठरी के समान है। मठ मंदिर शासन का तंत्र बन गया है। देश में किसी की भी दल की सत्ता हो मंदिर, देवस्थान इनके दिशा-निर्देश पर चलते हैं। जबकि धर्मनिरपेक्ष सरकार को धार्मिक मामलों में दखल देने का अधिकार नहीं है। धर्म परिवर्तन को लेकर जगतगुरू ने कहा कि हर हिंदू परिवार एक रुपये का योगदान दे जिसका उपयोग सार्थक धार्मिक कार्य में हो। लोग सनातन का गंभीरता से पालन करें। इससे धर्म परिवर्तन पर काफी हद तक अंकुश लगेगा। स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि आधुनिक शिक्षा पद्धति नौकर ही बनाएगा। आज शिक्षित युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिलती। इससे युवाओं में हताशा व निराशा बढ़ रही है। इससे पूर्व तीन दिनों के प्रवास पर पहुंचे निश्चलानंद सरस्वती महाराज का शहर में आत्मीय अभिनंदन किया गया। वे हरिमंगलम में दीक्षा, संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगे। रविवार को नारायणी परिसर में धर्मसभा को संबोधित भी करेंगे। स्वामी निश्चलानंद महाराज ने देश में प्रसाद में अमान्य चीजों की मिलावट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा करना जघन्य अपराध है। इसलिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिठाई, प्रसाद में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में नैतिकता का पतन हुआ है।

## कपड़ा दुकान से नकदी साढ़े 3 लाख पार

**रायपुर।** लाखेनगर स्थित लक्ष्मी कलेक्शन दुकान का कुंदा तोड़कर आात चोर ने गल्ला में रखे नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप प्रिथवानी 48 वर्ष अवंतिविहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का लाखेनगर में लक्ष्मी कनेक्शन नाम से रेडीमेड कपड़े का दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने छत के रास्ते से दुकान में प्रवेश कर दरवाजे का कुंदा तोड़कर गल्ला में रखे नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कंपनी के पार्किंग से बाइक पार

**रायपुर।** वंदना ग्लोबल कंपनी के पार्किंग से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवांग पांडेय 27 वर्ष नयातालाब के पास गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमई 5903 को सिलतरा स्थित वंदना ग्लोबल कंपनी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**रायपुर।** खरोरा के ग्राम भैंसमुड़ी मार्ग के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जुड़ावन सिंह यदू अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनबी 0687 से कहीं जा रही थी, तभी भैंसमुड़ी मार्ग के पास कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 6699 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार जुड़ावन सिंह की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने महावीर नगर चर्च के पास सरेआम शराब पीते आरोपी आशुतोष चतुर्वेदी 24 वर्ष, डीडीनगर पुलिस ने आरोपी मारा सिंह मरावी 42 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी मनोज जोशी 36 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिजस ने आरोपी जनक कुर्रे 55 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी कांति देवांगन 35 वर्ष व विदेशी देवांगन 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## कई जिलों को निशाना बनाकर बाइक पार करने वाला चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस द्वारा आज 27 सितंबर को रायपुर तथा अन्य जिलों से एक दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाला आरोपी कैलाश नवरंगे को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की कुल 15 नग दोपहिया वाहन जब्त किया गया है। आरोपी के विरूध्द रायपुर सहित कोरबा एवं बलौदाबाजार के अलग- अलग थाने में धारा एवं अपराध पंजीबध्द है।

## अवैध गांजा के साथ 4 गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना पुलिस ने एक्सप्रेस वे रोड चुनाभट्टी के पास महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सूचना पर एक्सप्रेस वे रोड चुनाभट्टी के पास कुछ लोग गांजा खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी देवराज नाइक 30 वर्ष, राजेश नाइक, नानु तांडी व महिला उषा वर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## शातिर दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** विवरण इस प्रकार है कि दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में दिनांक 26.09.2024 को सूचना प्राप्त हुई कि मंदिरहसौद क्षेत्र में 01 व्यक्ति दोपहिया वाहन की बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम कैलाश नवरंगे निवासी खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा कैलाश नवरंगे से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी कैलाश नवरंगे को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन को चोरी का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके के द्वारा जिला रायपुर आसपास के जिलों से कुल 15 नग दोपहिया वाहन चोरी करना बताया गया।

## शहर की गंदगी पहुंची चरम सीमा पर

**रायपुर।** रायपुर शहर के ज्यादातर वार्डो में नगर निगम रायपुर द्वारा चलाए जा रहे जा रहे स्वछता अभियान को लेकर नागरिकों की लापरवाही बढ़ती जा रही है। शहर के कचरे को उठाने के लिए हर वार्डो में कचरा गाड़ी लगाने के बावजूद रोड़ पर कचरा फेकना बंद नही होता सफाई को लेकर नागरिकों की लापरवाही दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आज शहर में ऐसा नजारा गली- मोहल्ले व अन्य जगह पर देखने को मिल ही जाता है शहर के नागरिक घरों में शेष बचा खाना व कचरा एक ही जगह पर कभी नालियों में तो कभी अन्य स्थानों में डाल देते है जो कुछ समय बाद दुर्गंध का कारण बनता है। महादेवघाट रायपुर के पास एक बड़ा नाला है जिसमे पुरे शहर के नालियों का पानी नाले में पहुंचती है। जहां शहर की गंदगी देखी जा सकती है। नाले का पानी नदी में जाकर प्रवाहित होती है। जिस पर अनेक मुर्तियां व अस्थियों का विसर्जन किया जाता है व रायपुर शहर का धार्मिक स्थल है। नागरिकों की लापरवाही उन्हे ही बिमारीयों के निकट ले जा रही है। समय रहते सावधानी बरतना जरूरी है नही तो प्रदुषण को विराट रूप लेने में समय नही लगता।

## ग्रामीण की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कटघोरा।** कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम तानाखार के पास सुबह एक बुजुर्ग का शव गाँव के ही एक खेत में मिलने से गांव में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारी कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर तथा कटघोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा व कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच प्रारम्भ की। जाँच में कटघोरा पुलिस ने चंद घण्टे में ग्राम तानाखार के एक युवक विजय बहादुर सिंह कंवर उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार कर पूछताछ की। संदेही युवक ने बताया कि वो रोजाना अपने खेत मे मछली का जाल बिछाता था।

## कांग्रेस काल में मंत्री ने दिया चेक, अब तक खाता तरस गया भुगतान को

**बलरामपुर।** पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन मंत्री डा प्रेमसाय सिंह द्वारा किसानों को प्रदत्त चेक अनुपयोगी साबित हुआ। मुआवजा भुगतान के नाम पर किसानों को प्रतीकात्मक चेक दिया गया था लेकिन आज तक किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। तत्कालीन मंत्री द्वारा प्रदत्त डमी चेक को लेकर किसान अब अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं।

किसान वर्षों से मुआवजा राशि की मांग कर रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में दो अप्रैल 2023 को प्रशासन ने तत्कालीन मंत्री डा प्रेमसाय सिंह के हाथों प्रभावित किसानों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण कराया था। विधानसभा चुनाव के छह माह पहले यह कार्यक्रम आयोजित कर तत्कालीन सरकार ने किसान हितैषी होने का राग अलापा था लेकिन अब तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिली है। तत्कालीन मंत्री द्वारा दिया गया प्रतीकात्मक चेक आज भी किसानों के पास है। किसान इन चेकों को लेकर अधिकारियों से सवाल कर रहे हैं कि मुआवजा राशि मिल क्यों नहीं रही है? ग्राम पंचायत गिरवानी के मनबोध सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष कार्यक्रम में बुलाकर पूर्व मंत्री डा प्रेमसाय सिंह के हाथों चेक दिया गया था, जिसका भुगतान अब तक नहीं हो सका है। सुखदेव राम ने बताया कि लगभग 22 लोगों की जमीन अधिग्रहित की गई थी लेकिन इनमें से आज भी बहुत से लोग मुआवजा रकम के लिए भटक रहे हैं। मेरी भी जमीन बांध निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। वाड्रफनगर बुलाकर पूर्व मंत्री के हाथों एक डमी चेक भी दिया गया था, लेकिन आज तक पैसे का भुगतान नहीं हुआ है। सबसे बड़ी बात है कि किसानों के पास उपलब्ध प्रतीकात्मक चेक में 28 लाख,50 लाख से लेकर एक करोड़ तक की राशि उल्लेखित है। किसान अब परेशान है। जमीन भी चली गई। मुआवजा भी नहीं मिला ऐसे में आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। बलरामपुर कलेक्टर आर एक्का ने बताया कि शिकायत उनके संज्ञान में है। कितने किसानों का जमीन अधिग्रहित किया गया है, अधिग्रहण हुआ है तो मुआवजा की क्या स्थिति है इसकी पूरी जांच कराई जाएगी। जमीन का अधिग्रहण हुआ होगा तो शासन के नियमों के अनुरूप मुआवजा राशि का भी भुगतान किया जाएगा।

# द्रोणिका में परिवर्तन से अंचल का कोना-कोना बारिश से तरबतर



**अंबिकापुर।** चक्रवाती परिसंचरण के बाद द्रोणिका बनने से उत्तरी छत्तीसगढ़ में लगातार चौथे दिन वर्षा से राहत नहीं मिली। दिनभर आसमान में घने बादल छाए रहे और इस दौरान हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को शहर में लगभग 15 मिमी वर्षा हुई। चार दिन के भीतर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में लगभग 68 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। मानसून के अंतिम चरण में हो रही वर्षा से अंबिकापुर में औसत बारिश का आंकड़ा बढ़कर 1356 मिमी पहुंच गया है।

कई सालों बाद मुख्यालय में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि चार दिन पहले दक्षिण ओड़िशा और दक्षिण छत्तीसगढ़ पर प्रभावी हुआ चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी मध्य महाराष्ट्र पर प्रभावी है। इस दौरान एक नए मौसमी घटनाक्रम में महाराष्ट्र पर केंद्रित चक्रवाती परिसंचरण से उत्प्रेरित हुई एक द्रोणिका विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश तक प्रभावी हो गई है। इस द्रोणिका के सहारे खाड़ी से नमी की आपूर्ति में हुई वृद्धि से उत्तरी छत्तीसगढ़ पर कमजोर पड़ रही वर्षा की गतिविधियों को तेजी आ गई है। मानसून की परिभाषित अवधि 30 सितम्बर को समाप्त होने में तीन दिन शेष हैं। यदि इस अवधि में 42 मिमी की वर्षा हो जाती है तो इस वर्ष मानसून में 2011 के बाद सर्वाधिक वर्षा का रिकार्ड बन जाएगा। ज्ञात हो कि अंबिकापुर में सन 2011 में पूरे मानसून काल में 1445.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

# रेवन्यू बोर्ड की ऑर्डरशीट में हेराफेरी कर छल किया, प्राथमिकी के आदेश

**अंबिकापुर।** राजस्व मंडल के आदेशों में कूटरचना करने वालों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीकृत करने का आदेश कलेक्टर विलास भोसकर ने दिया है। इसके पहले भी पांच लोगों पर अपराध पंजीकृत किया गया है। राजस्व मंडल के आदेशों में कांटछांट कर इन लोगों ने अपने पक्ष में जमीन नामांतरण करने का आवेदन दिया था। आदेशों में कूटरचना की आशंका पर कलेक्टर ने इनकी जांच कराई। जांच में स्पष्ट हुआ कि आवेदकों ने आदेशों में कूटरचना की है। शुक्रवार को आदेश जारी कर कलेक्टर सरगुजा ने सात आवेदकों पर कार्रवाई के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए हैं, जिनके द्वारा राजस्व मंडल के आदेशों में कूट रचना की गई है। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार अंबिकापुर, नायब तहसीलदार अंबिकापुर -2 और तहसीलदार बतौली को पत्र जारी कर इन सभी प्रकरणों में एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सरगुजा द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि राजस्व मंडल बिलासपुर को आवेदकों द्वारा प्रस्तुत कूटरचित आदेशों की प्रमाणिकता जांचने प्रेषित किया गया था जिसकी जांच मंडल द्वारा की गई है। जांच उपरांत जानकारी प्राप्त हुई कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत आदेशों तथा इस न्यायालय द्वारा पारित आदेशों में भिन्नता स्पष्ट रूप से पाई गई है, जिससे स्पष्ट है कि आवेदक द्वारा राजस्व मंडल छग बिलासपुर के आदेशों में कूटरचना कर प्रस्तुत किया गया है, जो गंभीर आपराधिक कृत्य है। इसमें तहसीलदार अंबिकापुर के समक्ष आवेदक अशोक अग्रवाल निवासी मायापुर, अंबिकापुर, नईमुद्दीन फिरदोसी निवासी अंबिकापुर, मो. इकबाल निवासी नवागढ़, मीना गुप्ता निवासी मायापुर, अंबिकापुर, शामिल है। नायब तहसीलदार अंबिकापुर - 2 के समक्ष आवेदक रंदीप सिंह निवासी कांति प्रकाशपुर और मो फारूख निवासी मानिकप्रकाशपुर का प्रकरण शामिल है। इसी तरह तहसीलदार बतौली के समक्ष अब्दुल रज्जाक का प्रकरण शामिल है। सभी प्रकरणों में राजस्व मंडल द्वारा संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर सरगुजा ने पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि उक्त सभी आवेदकों, जिन्होंने तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालय में राजस्व मंडल छग बिलासपुर के कूटरचित आदेशों को प्रस्तुत कर इसका क्रियान्वयन कराने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है, उनके विरुद्ध संबंधित थाने में तत्काल एफआईआर दर्ज करवाएं और सूचित भी करें।

## नवरात्र की तैयारियां जोर-शोर से शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में 15 से ज्यादा देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं. मंदिरों में दीप जलाने के लिए नामांकन किया जा रहा है। इस वर्ष भी भू-धारण निबंधन शुल्क बिना किसी बढ़ोतरी के 700 रुपये से 751 रुपये रखा गया है.

## फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की मदद लेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) अब फर्जी अभ्यर्थियों का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद लेगा। आयोग ने परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और कदाचार को रोकने के लिए एआई का उपयोग करके एक प्रणाली शुरू की है। इस प्रक्रिया में परीक्षा के दौरान किसी और की जगह परीक्षार्थी को लाइव वीडियो और फोटो के जरिए आसानी से कैद किया जा सकता है। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र के क्यूआर कोड की स्कैनिंग और बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से अभ्यर्थियों का ऑनलाइन सत्यापन भी अनिवार्य कर दिया गया है। सीजीपीएससी 2021 परीक्षा में भाई-भतीजावाद के आरोपों के बाद पीएससी ने यह तरीका अपनाया है.

# 500 गड्ढे होने की प्रतीक्षा,एक किमी की सड़क जर्जर



**अंबिकापुर।** शहर के चांदनी चौक से खैरबार मोड़ तक एक किलोमीटर की इस सड़क में 429 छोटे- बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं। कुछ स्थानों पर तो सड़क पूरी तरह टूट गई है।गड्ढों का आकार डबरी की तरह बड़ा-बड़ा हो गया है। लगातार चार दिनों से मूसलधार बारिश हो रही है। इससे सड़क की हालत और भी खराब हो गई है। नगर निगम की गैर जिम्मेदाराना कार्य शैली ने लंबे समय से इस मार्ग पर आने जाने वाले हजारों नागरिकों को मुसीबत में डाल दिया है। खासकर स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस मार्ग से होकर ही सैकड़ो किसान अपनी उपज लेकर ग्राम खैरबार,बांसा, गांझाडांड़,रामनगर ,मलगांवा, उदारी, करदोनी, कोरिमा की ओर से आते हैं। इस मार्ग पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं कि अब ये नागरिकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं।शुक्रवार को नईदुनिया प्रतिनिधि ने इस मार्ग के एक-एक गड्ढों को गिना तो पता चला कि बड़े-बड़े आकार के सैकड़ो गड्ढे बने हुए हैं। लगभग एक माह पूर्व नईदुनिया की खबर के बाद हरकत में आए नगर निगम सड़कों को लेकर चौतरफा घिरा तो शहर के खस्ताहाल सड़कों को ईट,गिट्टी व अन्य सामग्री से पाटने का प्रयास किया। इस मार्ग के गड्ढे को भी पाटा गया था। यह भी कहा गया था कि पाटने के बाद रोलर चलाया जाएगा ताकि सामग्री गड्ढों में जम जाए और सड़क समतल रहे किंतु रोलर नहीं चलाया गया और वाहनों के चक्कों से यह सामग्री गड्ढों से बाहर निकल गई, जो सड़क पर काफी ऊंचा ऊंचा टीले की तरह नजर आ रहा है।इसमें दो पहिया चलाना किसी खतरे से कम नहीं है। इन दिनों अंबिकापुर शहर की सभी सड़कों की लगभग एक ही हालत है, ऐसी कोई सड़क नहीं जो ठीक-ठाक हो। शहर से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में आंबेडकर चौक से माखन विहार तक की हालत खस्ता है। शासन- प्रशासन की ओर से किसी तरह की पहल न होने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपने खर्चे से इस मार्ग पर मटेरियल डलवा कर पटवाया था किंतु लगातार बारिश के कारण उसकी भी स्थिति बदतर हो गई है। शहर के कई ऐसे मार्ग है जिस्की स्थिति बेहद चिंताजनक है।शहर के भीतरी हिस्से की लंबी सड़क बिशुनपुर मार्ग की स्थिति तो और भी खराब हो गई है। घर से निकलते ही लोग शहर के खस्ताहाल सड़कों से जूझ रहे हैं। नगर निगम के साथ लोक निर्माण विभाग व राष्ट्रीय राजमार्ग को कोस रहे हैं।

## 9 साल में 4 करोड़ पार्किंग चार्ज, रायपुर से नहीं होगी बांग्लादेशी विमान वापसी

**रायपुर।** रायपुर एयरपोर्ट पर बीते नौ साल खड़े बांग्लादेशी विमान की अब वापसी संभव नहीं है. इस विमान की मालिक बांग्लादेश की एयरलाइंस कंपनी यूनाइटेड एयरवेज कंपनी ही बंद हो चुकी है. चूंकि लंबे समय से खड़े इस विमान के पार्ट पुर्जे जाम हो चुके हैं, ऐसे में बहुत कम ही उम्मीद है कि यह विमान दोबारा कभी उड़ान भर सकेगा. ऐसे हालात में बड़ा सवाल है कि इस विमान का होगा क्या? चूंकि इन नौ साल में हैंगर में विमान को खड़ा कराने का किराया 4 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है. ऐसे में एक सवाल यह कि इस किराए का भुगतान कौन करेगा. फिलहाल रायपुर एयरपोर्ट अथारिटी ने इन्हीं सवालों से संबंधित फाइल दिल्ली भेज दी है. रायपुर एयरपोर्ट अथारिटी के अधिकारियों के मुताबिक यह विमान यूनाइटेड एयरवेज कंपनी का है. यह कंपनी बांग्लादेश के कैप्टन तस्बीरुल अहमद चौधरी ने बनाई थी. साल 2015 में यह विमान 173 यात्रियों को लेकर ढाका से मस्कट के लिए उड़ान भरी थी. इस दौरान छत्तीसगढ़ के बेमेतरा के ऊपर करीब 32000 फीट की ऊंचाई पर उड़ते समय इंजन में कोई दिक्कत आ गई थी और यह विमान नीचे गिर पड़ा था. उसी समय से यह विमान मरम्मत के लिए रायपुर एयरपोर्ट पर खड़ा है. अधिकारियों के मुताबिक शुरुआत में तो बांग्लादेश के अधिकारियों ने इस विमान की खबर भी ली, लेकिन उसके बाद इस विमान की खोज खबर तो दूर, इस संबंध में भेजे गए ईमेल का जवाब देना भी छोड़ दिया. एयरपोर्ट अथारिटी के अधिकारियों के मुताबिक अब तक बांग्लादेश की सरकार और बांग्लादेशी कंपनी को 90 ईमेल किए गए हैं. इन्हें बताया जा चुका है कि एयरपोर्ट पर पार्किंग का किराया बढ़ते हुए 4 करोड़ से अधिक हो चुका है. बावजूद इसके, ना तो कंपनी ने कोई पहल की और ना ही वहां की सरकार ने. ऐसे हालात में यह विमान रायपुर एयरपोर्ट अथारिटी की गले का फांस बन गया है. अथारिटी के अधिकारियों के मुताबिक वैसे तो इस विमान की कीमत कम से कम 48 मिलियन डॉलर है, लेकिन यह विमान 9 साल खड़ा है.

## छेड़छाड़ के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** महिला संबंधी अपराध के मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई कर रही है। कोरबा जिले के दीपिका पुलिस ने छेड़छाड़ से संबंधित एक मामले में शिकायत प्राप्त होने के बाद प्रकरण दर्ज किया और बेलटिकरी बसाहट में रहने वाले आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक स्थान पर छेड़छाड़ किए जाने के बारे में हमारे पास शिकायत पहुंची थी। इस आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी कि धरपकड़ की गई। उसे कोर्ट में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

## बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने किया जाएगा काम

**कोरबा।** नागरिकों के रिहायसी क्षेत्रों में ढांचागत व्यवस्था ठीक हो और उन्हें सुविधाएं मिलें, इसके लिए कामकाज होना है। नगर पालिका क्षेत्र कटघोरा में विभिन्न क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है। आगामी समय में ऐसे कई काम यहां पर कराया जाना प्रस्तावित है।

खबरों के अनुसार यहां के कई हिस्सों में ड्रेनेज सिस्टम से लेकर सड़क और अन्य चीजों को सही स्थिति में लाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। नगर पालिक अध्यक्ष रतन मित्तल ने बताया कि नगर का दौरा करने पर ऐसे विषय संज्ञान में आये। इसके अलावा और भी स्तर पर सूचनाएं मिलते रहते हैं। इनका परीक्षण करने के साथ इस तरफ काम करने के बारे में सोचा गया। निकट भविष्य में यहां इस प्रकार के काम कराये जाने है। कोशिश है कि बारिश की विदाई के साथ इन कार्यों का शुभारंभ किया जाए। जनता की परेशानियों को दूर करने को और क्षेत्र के सुविधाओं को बढ़ाना हमारा उद्देश्य है। बताया गया कि स्थानीय स्तर पर ऐसे कार्यों को कराने के लिए लगभग 100 लाख रूपए खर्च किये जाने है। नगरीय निकाय अपने संसाधन के अलावा सरकार की योजनाओं से मिलने वाली राशि को इसमें लगाएगी।

*कोरबा।अंतरराज्यीय मार्गों पर चल रही कई बसों के परमिट को लेकर विवाद जारी है। परिवहन विभाग इस मामले में जांच करेगा।

# छात्राएं हो रहीं थी परेशान, आवारा तत्वों का अड्डा बने अतिक्रमण पर चला डंडा

**कोरबा।** कटघोरा में छात्राओं को आवारा तत्वों के कारण हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए मुख्य चौराहा के नजदीक किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई आखिरकार 24 घंटे के भीतर हो गई। गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई थी और बार-बार यह बात प्रशासन के संज्ञान में लाई जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाई और सिस्टम तक बात पहुंचाई। अतिक्रमण हटाए जाने का लोगों ने स्वागत किया, वहीं छात्राओं ने सहूलियत मिलने पर खुशी जताई।

आज सुबह कटघोरा में यह कार्रवाई की गई। अस्पताल चौराहा के नजदीक शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल है इसके आसपास अवैध रूप से चल रही थी। सब्जी फल के अलावा कई और श्रेणी का व्यवसाय यहां पर हो रहा था। इसके लिए नगर पालिका को किसी प्रकार की आमदनी नहीं हो रही थी। उल्टे अतिक्रमण करने वालों ने खुद को जमीन का मालिक समझ लिया था और कई प्रकार की परेशानी खड़ी करने में उतारू थे। लगातार इस तरह की शिकायतें मिल रही थी कि मौके पर रोज आवारा तत्वों की उपस्थिति हो रही थी और गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को उनके आपत्तिजनक कमेंट का सामना करना पड़ रहा था। इस प्रकार के हालात स्कूल की पूरी छुट्टी होने के समय



निर्मित हो रहे थे। एक दो मौके पर छात्राओं के अभिभावकों के द्वारा नियंत्रित करने के प्रयास किए गए लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ। छात्रों के द्वारा यह जानकारी मीडिया को दिए जाने पर इस विषय को उठाया गया और प्रशासन व पुलिस तक बात पहुंचाने की कोशिश की गई। मीडिया में यह मामला फ्लैश हुआ और पुलिस अधीक्षक तक इसकी जानकारी हुई। कटघोरा पुलिस ने शनिवार को सुबह प्रभावित क्षेत्र के कई चक्कर लगाए और अराजक तत्वों के मन में दहशत पैदा की। अन्य अधिकारियों के पास भी इस बारे में जानकारी पहुंच गई थी जिस पर उन्होंने सक्रियता दिखाई। इसके अंतर्गत एसडीएम रोहित सिंह, तहसीलदार भूषण सिंह मांडवी, नगर निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी , म्युनिसिपल ऑफीसर ज्ञानपुनज कुलमित्र दलबल के साथ यहां पहुंचे। उन्होंने मौके से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान यहां पर व्यवसाय कर रहे लोगों ने समय रहते अपना उपयोगी सामान हटा लिया। जबकि जमीन की घेराबंदी करने वाली चीजों को प्रशासन की टीम ने हटाने के साथ अपने ट्रैक्टर में लोड किया और चलते बनी। अब इस जगह को अतिक्रमण से मुक्त कर लिया गया है। यहां इस आशय की सूचना लगाई गई है की जमीन सरकारी है। फौरी तौर पर यहां की गई कार्रवाई से समस्या का समाधान हो सका है।

### शिकायतों पर होगी सख्त कार्रवाई

इधर नगर निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी ने कहा है छात्राओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता है । इस क्षेत्र में छात्राओं को किसी के भी द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्परता के साथ ऐसे मामले में कार्रवाई की जाएगी

## मालवाहक में लगी आग लाखों का नुकसान



**कोरबा ।** सर्वमंगला कनबेरी मार्ग पर पिछली रात एक मालवाहक को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। सुबह तक ट्रक से धुआं निकल रहा था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है,जिसके द्वारा मामले की जांच की ही जा रही है।


उरगा थाना अंतर्गत सर्वमंगला कनबेरी मार्ग पर इस घटना को अंजाम दिया गया । यहां एक ट्रक में किसी ने आग लगा दी। इसके पीछे किसकी भूमिका रही, इस बात का पता नहीं चल सका है लेकिन आग लगने के कारण ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। सुबह तक ट्रक से आग और धुआं निकल रहा था। लोगों की नजर जैसे ही ट्रक पर पड़ी वैसे ही सर्वमंगला पुलिस चौकी को सूचना दी गई। संभावित है, कि बीती रात ट्रक में आग लगी होगी। सहायता नहीं मिल पाने के कारण ट्रक पूरी तरह से जलकर स्वाहा हो गई। घटना में वाहन स्वामी को लाखों का नुकसान हुआ। मौके पर न तो ट्रेलर का चालक मौजूद था और ना ही परिचालक। इसलिए अन्य संबंधित तथ्यों के बारे में सम्यक जानकारी नहीं मिल सकी है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा में आगजनी का प्रकरण दर्ज किया जाएगा और आगे जांच के साथ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# उफ ये बारिश, दुर्गा उत्सव के खर्चे में बढ़ोतरी

### पंडाल को बचाने करने पड़ रहे प्रबंध

**कोरबा।** नवरात्र पर्व के पांच दिन बाकी हैं। इधर बारिश का रूख बना हुआ है। अचानक इसमें हो रहा परिवर्तन लोगों को कुछ देर के लिए खुश जरूर करता है, लेकिन बाद में स्थिति जस की तस हो जाती है। जिस तरह से हालात बन बिगड़ रहे हैं। उससे दुर्गा पूजा समितियों कि चिंता बढ़ी है और चुनौतियां भी। वे भ्रम में नहीं रहना चाहती, इसलिए पूजा पंडाल को बचाने के लिए अतिरिक्त प्रबंध करने पड़ रहे हैं।

बारिश के रूख के चलते इस बार विभिन्न स्थान पर होने वाले दुर्गा पूजा के कार्यक्रमों का बजट ना केवल बिगड़ रहा है। बल्कि ज्यादा प्रबंध भी करने पड़ रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर नगरीय निकायों द्वारा तैयार किये गए पूजा पंडाल मौजूद हैं। इनके ढांचे में पानी के



रिसाव बाहरी हिस्से से पानी की पहुंच अंदर की व्यवस्था को बिगाड़ रही है। हर हिस्से में तारपोलिन जरूरी हो गया है। इतना सब करने के बाद मूर्ति और अन्य व्यवस्था को सुरक्षित करना संभव हो सकेगा। समितियों का कहना है कि कुछ घंटे के लिए बारिश थमने और धूप निकलने के नजारे भले ही देखने को मिल रहे हैं, लेकिन यह सब विश्वसनीय बिल्कुल नहीं है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से बारिश को लेकर जो सूचनाएं जारी हो रही हैं, वे सच नहीं मानी जा सकती। हमने तय किया है कि मौसम के रूख को किनारे रखते हुए अपने स्तर पर उत्सव मनाया जाएगा और सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं किया जाएगा।

### धन संग्रह में भी अड़चनें

भले ही दुर्गा पूजा समितियों ने प्राथमिक तैयारियां एक पखवाड़ा से भी पहले शुरू कर दी लेकिन बारिश के चक्कर ने काफी व्यवधान डाला। इस वजह से लगभग सभी स्थानों पर आयोजन के लिए सामाजिक स्तर पर धन संग्रह करने में अड़चने उत्पन्न हुई। अब मौसम खुलने के साथ समितियां सक्रिय हुई है। उन्होंने अनुकूल स्थिति का लाभ लेने का मानसिकता बनायी है। उनका कहना है कि भले ही भुगतान के ऑनलाईन पेमेंट का विकल्प बना हुआ लेकिन चंदा के मामले में तो लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क करना होगा।

## हृदय दिवस पर चिकित्सा शिविर

**कोरबा।** विश्व हृदय दिवस पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोरबा, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 29 सितंबर को शिव औषधालय आरपी नगर फेस-2 में सुबह 10 बजे से शिविर आयोजित है। यह नि:शुल्क होगा। यहां पर विभिन्न रोगों की चिकित्सा के साथ कई प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगीं। डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि हृदय रोग के मामले में सावित्री आसन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अर्जुन वटी व अन्य सामाग्री की व्यवस्था भी आयोजकों की ओर से की गई है।

## ओबीसी आरक्षण मुद्दे पर कल मशाल रैली

**कोरबा।** ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021 के फॉर्मेट में ओबीसी के लिए कोड नंबर 13 में पृथक से कोड नंबर निर्धारित कर जनगणना किए जाने एवं छत्तीसगढ़ में लंबित ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर मसाल रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इसी तारतम्य में कोरबा जिला में 29 सितंबर को शाम 4.00 बजे रैली निकाल कर ज्ञापन दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष कोरबा ओबीसी नकुल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय जनगणना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनगणना तो होती है किंतु राष्ट्रीय जनगणना फॉर्म में ओबीसी के लिए पृथक से कोड नंबर नहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना नहीं होती ।उन्होंने आगे बताया कि संविधान के अनुच्छेद 340 के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए गठित आयोग (काका कालेलकर आयोग मंडल आयोग एवं मध्य प्रदेश राम जी महाजन आयोग) द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना कराई जाने की अनुशंसा की गई है।

## कृपाराम व तिहारिन की स्मृति में दिया सम्मान



**कोरबा।** श्रीमती कौशिल्या खुराना व्याख्याता हिन्दी ने अपने स्व. माता-पिता श्री कृपाराम निराला एवं श्रीमती तिहारिन बाई निराला की स्मृति में संगीत एवं कला साधक सम्मान 2024 की शुरूआत की। ज्ञात हो कि इनके माता-पिता पढ़े लिखे नहीं थे। फिर भी उन्होंने शिक्षा के महत्व को जानकर अपनी बेटी को डबल एम ए तक पढ़ाया। पढ़ा लिखा कर नौकरी के योग्य बनाया। 11 सितंबर 1998 को शिक्षा कर्मी 02 की पद पर कार्यरत हुई। समाज के लोग शादी ब्याह करने की बात कहते रहे लेकिन माता पिता ने पढ़ाई पर ही ध्यान दिया। श्रीमती खुराना ने अपने पिता स्व. कृपाराम निराला स्मृति सम्मान 2024 के लिए रुपेश चौहान को चुना। श्रीमती तिहारिन बाई निराला स्मृति सम्मान 2024 के लिए सुश्री कंचन मोरे को चुना। केबिनेट मंत्री लखनलाल लाल देवांगन के करकमलों से दोनों शिक्षकों को साल, पुरुष गुच्छ मोमेंटो आदि भेंटकर सम्मानित किया। यह सम्मान प्रत्येक वर्ष एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका को प्रदान किया जायेगा।

## लोगों को किया जा रहा जागरूक

**कोरबा।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा, पुलिस अनुविभागीय विभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में सजग कोरबा अभियान के तहत साईबर क्राइम, नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति ऐप, महिला सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना पाली पुलिस के द्वारा क्षेत्र के कॉलेज में महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है एवं महिलाओं को किन-किन परिस्थितियों में इस ऐप का इस्तेमाल करना है और इसके क्या-क्या फायदे हैं उसके बारे में भी पाली पुलिस के द्वारा बताया एवं समझाया जा रहा है। साथ में नशा के खिलाफ यातायात नियम और साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।इसी प्रकार महिला सुरक्षा टीम के द्वारा भी सृष्टि नर्सिंग कॉलेज एवं सिटी सेंटर मॉल में जाकर महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए ये एप डाउनलोड कराया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण भी सिखाए जा रहे हैं। कोरबा जिला पुलिस के द्वारा सजग कोरबा के तहत प्रत्यक्ष रूप से एवं व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से लगातार लोगो को जागरूक किया जा रहा

# नो एंट्री : नियम तोड़ने से हो रही समस्या

**कोरबा।** नगर पालिका क्षेत्र दीपिका में आवागमन व्यस्त होने के साथ कई प्रकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। खबर के अनुसार यहां एक कोयला कारोबारी के द्वारा अपनी गाड़ी को नो एंट्री के बावजूद धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। हर रोज का सिलसिला यह बना हुआ है और इससे आवागमन बाधित हो रहा है।



राजनीतिक दलों में उछल कूद करने वाले कथित नेता से जुड़ी हुई यह गाड़ी स्थानीय स्तर पर आवागमन को बाधित करने का सबसे बड़ा कारण बनी हुई है। बताया गया कि दीपिका नगर में मुख्य मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है और सभी को इसका पालन करने को कहा गया है। प्रशासन और पुलिस की नजर नो एंट्री की व्यवस्था पर बनी हुई है लेकिन इसके बावजूद नियम को तोड़ने वाले इक्का-दुक्का लोग यहां मौजूद हैं जिनके कारण व्यवस्था बुरी तरह से बाधित हो रही है। बताया गया कि दीपिका चौक से इस गाने की एंट्री हर रोज मुख्य मार्ग पर होती है और यह आगमन के लिए समस्याएं खड़ी कर देती हैं। दावे किए जा रहे हैं कि यहां की सड़क हमारी है और सिस्टम हमारा है इसलिए कुछ हो नहीं सकता। लोगों को इंतजार है कि सरकार की व्यवस्था के अंतर्गत बनाए गए नियम को चुनौती देने के मामले में क्या कुछ कार्रवाई होती है।

### *की जा रही कार्रवाई*

*सामान्य परिवहन को लेकर कई प्रकार की व्यवस्था की गई है । शहर के भीतर भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने नो एंट्री लागू है। नियम तोड़ने को लेकर शिकायत मिली थी जिस पर कार्रवाई की गई है और आगे कोई भी ऐसा करेगा तो उस पर भी कार्रवाई होगी।*

***-युवराज तिवारी, थाना प्रभारी दीपका***

# स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जताई एनटीपीसी कर्मियों ने

**कोरबा।** एनटीपीस कोरबा ने स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का आयोजन करते हुए स्वच्छता और स्थिरता के प्रति एकजुट होकर शपथ ली। स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक मनाया जा रहा है, जो देशभर में स्वच्छता और हाईजीन को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय अभियान के अनुरूप है।

यह शपथ समारोह जीएम (ओ एंड एम), अरनब मैत्रा द्वारा आयोजित किया गया, जिन्होंने एक स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख और कर्मचारियों ने भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से व्यक्त किया। शपथ के बाद एनटीपीस कोरबा ने टाउनशिप में एक वॉकाथन का आयोजन किया, जिसमें एनटीपीसी कर्मचारी और सीआईएसएफ कर्मी शामिल हुए। यह पहल सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने और हमारी दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने



के उद्देश्य से थी। अरनब मैत्रा ने सभी को प्रोत्साहित किया कि वे न केवल कार्यस्थल में स्वच्छता का पालन करें, बल्कि इन मूल्यों को अपने घरों और समुदायों में भी फैलाएं। हमारे स्वच्छ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता हमसे शुरू होती है।

स्वच्छता पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण अभियान है जो व्यक्तियों और संगठनों को स्वच्छता और हाइजीन को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। एनटीपीसी कोरबा इन सिद्धांतों के प्रति समर्पित है और भविष्य में एक स्वच्छ और हरित वातावरण में योगदान देने वाली पहलों में संलग्न रहेगा।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com